प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in




बंगाल-नई मतदाता सूची को लेकर सियासत हुई तेज़ पेज- 2

निर्माणाधीन रोड मानक के अनुसार कराने की मांग पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 110 | शनिवार 11 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## अमित शाह ने जारी किया बंगाल के लिए भाजपा का संकल्प पत्र, महिलाओं के लिए बड़ी घोषणाएं

(एजेंसी) कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने आज कोलकाता में पार्टी का चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल में एक बड़े राजनीतिक बदलाव का संकल्प लेते हुए राज्य की जनता से श्सोनार बांग्लाश बनाने का वादा किया। अमित शाह ने वर्तमान राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बंगाल की जनता अब तुष्टिकरण, तानाशाही और वसूली की राजनीति से तंग आ चुकी है और राज्य में एक पारदर्शी और विकासोन्मुखी सरकार चाहती है। उन्होंने महिलाओं के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं। बंगाल बीजेपी का संकल्प पत्र जारी करने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा आज भारतीय जनता पार्टी ने 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया है। यह घोषणापत्र बंगाल के सभी वर्गों में फैली गहरी निराशा को दूर करने का एक मार्ग दिखाता है। यह फसल खराब होने के कारण अनिश्चितता का सामना कर रहे किसानों, बेरोजगार युवाओं और डर के साए में जी रही महिलाओं को एक नई दिशा प्रदान करता है। साथ ही, यह बंगाल की संस्कृति और उसके गौरव को लेकर चिंतित हर नागरिक में नई आशा और आत्मविश्वास



जगाता है। अमित शाह ने कहा एक 'विकसित भारत' की परिकल्पना इस 'संकल्प पत्र' में झलकती है। ये 15 वर्ष, एक तरह से बंगाल और यहां की जनता के लिए एक अंधकारमय दौर की तरह रहे हैं। बड़ी उम्मीदों के साथ, बंगाल की जनता ने ममता दीदी को कम्युनिस्ट शासन से मुक्ति दिलाने का जनादेश दिया था। यह कहते हुए कि पांच वर्ष पर्याप्त नहीं थे, जनता ने उन्हें दूसरी बार जनादेश दिया और फिर तीसरी बार भी। परंतु, इन 15 वर्षों में, जिन उम्मीदों के साथ जनता ने ममता जी को सत्ता सौंपी थी, वे पूरी नहीं हो पाई हैं। शाह ने कहा पिछले 15 वर्षों में, जिन उम्मीदों के साथ बंगाल की जनता ने ममता जी को सत्ता सौंपी थी, वे टूट चुकी हैं। आज जनता भयभीत और निराश महसूस कर रही है और पूरे दिल से बदलाव की तलाश में है। पिछले 10 वर्षों में, भारतीय जनता पार्टी ने यहां खुद को एक रचनात्मक विपक्ष के रूप में स्थापित किया है। आज, हम पश्चिम बंगाल विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल के रूप में कार्य कर रहे हैं। इसी दशक के दौरान, नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, पूरे देश में एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया गया है कि किस प्रकार जन–केंद्रित शासन प्रदान किया जा सकता है। अमित शाह ने संकल्प जारी करते हुए बंगाल की जनता से वादा किया अगर भाजपा की सरकार बनती है तो अगले 6 महीने में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किया जाएगा। उन्होंने बंगाल के सरकारी कर्मचारियों को साधते हुए बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर 7वें वेतन आयोग का वादा किया। उन्हों यह भी कहा कि उत्तर बंगाल में आईआईटी, आईआईएम, एम्स और एक फैशन टेक्नोलॉजी इंस्टिट्यूट भी बनेगा। भारतीय जनता पार्टी ने सरकार बनने पर पश्चिम बंगाल की बेरोजगार युवतियों के लिए हर महीने 3000 रुपये की आर्थिक सहायता देने का वादा किया है। शाह ने घोषणा की कि हर महीने की 1 तारीख से 5 तारीख के बीच महिलाओं के बैंक खातों में 3,000 रुपये जमा किए जाएंगे। इसके अलावा सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण देने की बात भी कही है। बीजेपी ने लक्ष्मी भंडार योजना के तहत तृणमूल कांग्रेस सरकार द्वारा अभी दिए जा रहे 1,500 के मासिक भत्ते को दोगुना करने का वादा किया है। इसी तरह, शाह ने जोर देकर कहा कि बेरोजगारी भत्ता भी दोगुना किया जाएगा। अमित शाह ने भाजपा का संकल्प जारी करते हुए कहा कि उनकी पार्टी अगर सत्ता में आती है तो सरकार बनने के मात्र छह महीने के अंदर यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू किया जाएगा। अमित शाह ने बंगाल की जनता से वादा किया है कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर घुसपैठिए की पहचान की जाएगी और उसे देश से बाहर निकाल दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल के रास्ते होने वाली मवेशियों की तस्करी पूरी तरह से रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल के सरकारी कार्मचारियों और रिटायर हो चुके लोगों से वादा किया है कि भाजपा की सरकार बनने पर सिर्फ 45 दिनों के भीतक 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों को बंगाल में लागू कर दिया जाएगा। इसका लाभ पेंशन पाने वाले लोगों को भी मिलेगा। अमित शाह ने कहा कि उत्तरी बंगाल लंबे समय से विकास से वंचित रहा है। उत्तरी बंगाल के अलग–अलग जिलों में एक आईआईटी, आईआईएम और एक एम्स फेशन डिजाइनिंग संस्थान की स्थापना करके भाजपा की सरकार उत्तरी बंगाल के समग्र विकास को सुनिश्चित करेगी।

## सांप पर भी भरोसा किया जा सकता है, लेकिन उनपर नहीं, चुनावी रैली में भाजपा पर बरसीं ममता

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर तीखा



हमला किया। उत्तर 24 परगना जिले के टेंटुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को असम के स्थानीय लोगों के वोटों पर भरोसा नहीं था। इसलिए पार्टी ने चुनाव जीतने के लिए बाहर से लोग बुलाए। ममता ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश से 50,000 लोगों को ट्रेन में भरकर असम लाया गया। ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के राज में देश की कोई भी एजेंसी निष्पक्ष नहीं रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि केसरिया पार्टी ने सभी एजेंसियों को खरीद लिया है। भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा, श्एक सांप पर तो भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर कभी नहीं।श पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी और भाजपा के बीच जुबानी जंग काफी तेज हो गई है। रैली के दौरान मुख्यमंत्री ने वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 90 लाख नाम हटा दिए गए हैं। एक अखबार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि इन 90 लाख नामों में से 60 लाख हिंदू और 30 लाख मुस्लिम हैं। उन्होंने असम के एनआरसी का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी 19 लाख नाम लिस्ट से बाहर किए गए थे, जिनमें 13 लाख हिंदू और 6 लाख मुस्लिम थे। ममता बनर्जी ने लोगों को आगाह किया कि वे भाजपा पर कभी विश्वास न करें। असम की 126 सीटों के लिए गुरुवार को मतदान हुआ था।

## डीयू में महिला आरक्षण के समर्थन में छात्राओं के हस्ताक्षर अभियान को मिला सीएम रेखा गुप्ता का साथ

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ आर्ट्स से आज 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान शुरू हुआ। कैंपस में छात्राओं और महिलाओं का इस सिग्नेचर कैंपेन और महिला आरक्षण को लेकर उत्साह अपने आप में एक संदेश है। हर हस्ताक्षर में उनका सपना है, आगे बढ़ने का हौसला है और बराबरी से भागीदारी का भरोसा है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज नारी शक्ति विकास की सहभागी ही नहीं, विकसित भारत की निर्माणकर्ता और नेतृत्वकर्ता बन रही है। लोकसभा और विधानसभाओं में 33: प्रतिनिधित्व की दिशा में यह कदम देश की बेटियों को नई ताकत देगा। 16 अप्रैल को संसद में इस दिशा में आगे बढ़ते कदम, देश की करोड़ों माताओं, बहनों और बेटियों के सपनों, संघर्षों और आकांक्षाओं को नई दिशा और नया विश्वास देंगे।

## मोदी ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने पर नीतीश कुमार को बधाई दी

(एजेंसी) नई दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली तथा इसी




के साथ राज्य में नये मुख्यमंत्री की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने अपने कक्ष में एक संक्षिप्त समारोह के दौरान उन्हें शपथ दिलाई। सभापति ने बाद में उन्हें उच्च सदन का सदस्य बनने और संसद में वापसी पर शुभकामनाएं भी दीं। कुमार ने हिंदी में शपथ ली। इस दौरान केंद्रीय मंत्री एवं सदन के नेता जे. पी. नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह, कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर और विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद थे। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित थे। जनता दल–यूनाइटेड (जद यू) के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी तथा लोकसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक संजय जायसवाल भी शपथ ग्रहण के दौरान मौजूद थे। उपराष्ट्रपति कार्यालय ने शपथ ग्रहण की तस्वीरें साझा करते हुए श्एक्सश पर कहा, भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने बिहार से निर्वाचित राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार को आज संसद भवन में शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद कुमार नये संसद भवन से बाहर आए और उस समय के बारे में बात की, जब वह लोकसभा के सदस्य थे और पुराने संसद भवन में बैठते थे। कुमार के राज्यसभा सदस्य की भूमिका संभालने के साथ ही बिहार में उनके करीब दो दशक लंबे शासन का अंत होने जा रहा है। वह जल्द ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 14 अप्रैल को बिहार का नया मुख्यमंत्री चुनने की संभावना है। कुमार राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद 30 मार्च को राज्य विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे चुके हैं। वह 16 मार्च को संसद के उच्च सदन के लिए निर्वाचित हुए थे और इसके बाद 14 दिन की अवधि के भीतर उन्हें विधान परिषद का सदस्य पद छोड़ना था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य के रूप में शुक्रवार को शपथ लेने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वह देश के सबसे अनुभवी नेताओं में से एक हैं तथा सुशासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की हर जगह सराहना हुई है। मोदी ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि कुमार का लंबा राजनीतिक अनुभव संसद की गरिमा को और बढ़ाएगा। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच श्एक्सश पर लिखा, श्नीतीश कुमार जी देश के सबसे अनुभवी नेताओं में से एक हैं। सुशासन को लेकर उनकी प्रतिबद्धता की हर तरफ सराहना हुई है।श उन्होंने कहा कि कुमार ने बिहार के विकास में अमिट योगदान दिया है और उन्हें एक बार फिर संसद में देखना बहुत सुखद होगा। मोदी ने कहा कि सांसद और केंद्रीय मंत्री के रूप में भी उन्होंने कई वर्षों तक अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव से संसद की गरिमा और बढ़ेगी। राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने पर उन्हें हार्दिक बधाई और आगे के कार्यकाल के लिए ढेरों शुभकामनाएं। नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने अपने कक्ष में एक संक्षिप्त समारोह में उन्हें उच्च सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई। कुमार ने केंद्रीय मंत्री एवं सदन के नेता जे पी नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल समेत कई नेताओं की मौजूदगी में हिंदी में शपथ ली। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा के निवर्तमान उपसभापति हरिवंश को भी उच्च सदन का सदस्य मनोनीत किए जाने पर बधाई दी। मोदी ने एक्स पर लिखा, हरिवंश ने पत्रकारिता और सार्वजनिक जीवन में अमूल्य योगदान दिया है। वह एक सम्मानित बुद्धिजीवी और विचारक हैं। उन्होंने अपने गहन विचारों और अंतर्दृष्टि से पिछले कुछ वर्षों में सदन की कार्यवाही को समृद्ध किया है।श्श प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे प्रसन्नता है कि माननीय राष्ट्रपति ने उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। आगामी संसदीय कार्यकाल के लिए उन्हें मेरी बहुत–बहुत शुभकामनाएं। राज्यसभा के निवर्तमान उपसभापति हरिवंश ने शुक्रवार को उच्च सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की सेवानिवृत्ति से रिक्त हुई सीट के लिए उन्हें मनोनीत किया था। हरिवंश का उच्च सदन के सदस्य के रूप में दूसरा कार्यकाल नौ अप्रैल को समाप्त हुआ था।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने दिया इस्तीफा, कैश कांड में आया था नाम

(एजेंसी) नई दिल्ली। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को



यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति वर्मा के आवास से जले हुए नोटों के बंडल मिलने के बाद वह महाभियोग की कार्यवाही का सामना कर रहे हैं। नौ अप्रैल को राष्ट्रपति को भेजे गए त्यागपत्र में उन्होंने कहा, राष्ट्रपति महोदया, मैं आपके सम्मानित कार्यालय पर उन कारणों का बोझ नहीं डालना चाहता जिनके चलते मुझे यह पत्र प्रस्तुत करना पड़ रहा है, लेकिन अत्यंत पीड़ा के साथ मैं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से तत्काल प्रभाव से अपना त्यागपत्र दे रहा हूं। इस पद पर सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है।श्श पिछले साल 14 मार्च को नयी दिल्ली स्थित न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर जले हुए नोटों के बंडल मिलने के बाद उन्हें दिल्ली उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय वापस भेज दिया गया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के इस्तीफे को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पांडेय ने शुक्रवार को कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा को काफी पहले इस्तीफा दे देना चाहिए था। उन्होंने कहा, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को इस्तीफा ही देना था तो काफी पहले दे देते... यह हम सभी के लिए बेहतर रहता। इससे झूठमूठ का विवाद पैदा होता रहा। इससे सभी की– उच्च न्यायालय, पूरी न्यायपालिका और स्वयं उनकी भी छवि धूमिल हुई। पांडेय ने कहा, अगर वह लड़ रहे थे तो उन्हें लड़ते रहना चाहिए था, और अगर इस्तीफा देना था तो इसे शुरू में ही दिया जा सकता था। उन्होंने अब जाकर इस्तीफा दिया है तो भी यह स्वागत योग्य कदम है... उन्होंने समझदारी का काम किया। नयी दिल्ली में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के घर पर भारी मात्रा में जले हुए नोटों के बंडल बरामद होने के बाद वह महाभियोग का सामना कर रहे थे। न्यायमूर्ति वर्मा ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना त्यागपत्र दे दिया। न्यायमूर्ति वर्मा के नयी दिल्ली स्थित आवास पर पिछले वर्ष 14 मार्च को जले हुए नोट बरामद होने के बाद उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय वापस भेज दिया गया था जिसका इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने भारी विरोध किया था।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 1665 करोड़ रुपये लाभार्थियों के खातो में ट्रांसफर किए

(एजेंसी) चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा निवास से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत करोड़ें रुपये की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में ट्रांसफर की। इस दौरान उन्होंने कई अहम घोषणाएं भी कीं। मुख्यमंत्री ने बताया कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की छठी किस्त जारी करते हुए लगभग 10 लाख महिला लाभार्थियों के खातों में 203 करोड़ 28 लाख रुपये डाले गए हैं। इस योजना के तहत अब तक 6 किस्तों में कुल 1038 करोड़ 5 लाख रुपये जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026–27 के बजट में योजना की आय सीमा 1 लाख से बढ़ाकर 1 लाख 80 हजार रुपये कर दी गई है। इसके अलावा, राज्य सरकार ने 15 प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत 1144 करोड़ 55 लाख रुपये की राशि 35 लाख 55 हजार 187 लाभार्थियों के खातों में सीधे ट्रांसफर की। वहीं, दयालु योजना के अंतर्गत 7875 परिवारों को 298 करोड़ 7 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। कृषि क्षेत्र को लेकर मुख्यमंत्री ने बताया कि अनुसूचित जाति के किसानों के लिए चलाई जा रही विशेष योजना के तहत 645 किसानों को ट्रैक्टर खरीदने के लिए 19 करोड़ 35 लाख रुपये की सब्सिडी जारी की गई है। प्रत्येक पात्र किसान को 3 लाख रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कुल 18 योजनाओं के तहत 1665 करोड़ 25 लाख रुपये सीधे लाभार्थियों के खातों में डाले गए हैं। मंडी और फसल खरीद की स्थिति पर जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि अब तक 16046 मीट्रिक टन सरसों की आवक हुई है, जिसमें से 3421 मीट्रिक टन की खरीद की गई और 1058 मीट्रिक टन का उठान हो चुका है। किसानों को 6200 रुपये प्रति क्विंटल डैच के हिसाब से अब तक 4 करोड़ 94 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। गेहूंखरीद के बारे में उन्होंने बताया कि मंडियों में 17 लाख 37 हजार मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है, जिसमें से 3 लाख 92 हजार मीट्रिक टन की खरीद की जा चुकी है। किसानों को 2585 रुपये प्रति क्विंटल डैच के हिसाब से अब तक 13 करोड़ 9 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। श्रमिकों के वेतन में बढ़ोतरी करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि अकुशल श्रमिकों का वेतन 11275 से बढ़ाकर 15220 रुपये, अर्ध–कुशल का 12430 से 16780 रुपये, कुशल का 13704 से 18500 रुपये और हाई स्किल्ड का 14389 से 19425 रुपये कर दिया गया है। कुल मिलाकर न्यूनतम वेतन में करीब 35: की वृद्धि की गई है। फरीदाबाद हादसे पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एचकेआरएन के तहत कार्यरत दो फायर कर्मियों की ड्यूटी के दौरान मृत्यु हो गई।




सरकार ने प्रत्येक परिवार को 30 लाख रुपये की सहायता देने और एक आश्रित को एचकेआरएन के माध्यम से नौकरी देने का निर्णय लिया है। वहीं, हाल ही में बारिश से फतेहाबाद, हिसार और सिरसा जिलों के कुछ गांवों में फसलों को हुए नुकसान का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि मुआवजे के लिए 9 से 15 अप्रैल तक ई–क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। अब तक 1350 किसानों ने 10,088 एकड़ क्षेत्र का पंजीकरण कराया है।

# सम्पादकीय

## ट्रंप के ''पर'' कतरने की तैयारी

अमेरिका–इज़रायल और ईरान के बीच का सीज़फायर जैसे ठीक से शुरू होने से पहले ही ख़त्म होता दिख रहा है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि इज़रायल का कहना है कि इस सीज़फ़ायर में लेबनान शामिल नहीं है। वह लेबनान पर ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। अब अमेरिका और इजराइल कह रहे हैं कि सीजफायर में लेबनान पर हमले रोकना शर्त में शामिल नहीं है। वहीं ईरान कह रहा है कि अगर लेबनान में हमले नही रुके तो वह तेलअवीव पर फिर से हमले करेगा। ये इजरायल का एक तरह से संकेत है कि उसका इस समझौते से कोई वास्ता नहीं है। इजरायल ने कहा है कि वह सीजफायर का समर्थन करता है लेकिन लेबनान पर हमले जारी रखेगा। हालांकि, इजराइल के इन हमलों की कई देश आलोचना कर रहे हैं। इटली ने लेबनान के आम नागरिकों पर बमबारी की निंदा की। उसका कहना है कि वह नहीं चाहता कि कोई दूसरा गाजा बने। ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने कहा कि लेबनान पर इजरायल के लगातार हमले गंभीर रूप से नुकसानदेह हैं। वहीं अब बात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तो मालूम हो कि अमेरिका के अंदर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पर कतरने की तैयारी चल रही है। अमेरिका के सांसद अगले हते फिर से कोशिश करेंगे कि एक प्रस्ताव पास किया जाए, जिससे ईरान के साथ युद्ध को रोका जा सके और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए किसी भी आगे के हमले से पहले कांग्रेस की मंजूरी लेना जरूरी हो। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ईरान के साथ दो हते के युद्धविराम की घोषणा के कुछ घंटों बाद यह बात सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता चक शूमर ने कही। यह रिपोर्ट न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने छापी है।


नफीस जाफरी

मालूम हो कि डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी डेडलाइन खत्म होने से दो घंटे से भी कम समय पहले ईरान के साथ दो हते के लिए सीजफायर डील कर ली। ट्रंप ने धमकी दी थी कि अगर मंगलवार की रात 8 बजे (अमेरिकी समयानुसार) ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज नहीं खोला तो अमेरिका ईरान के नागरिक ढांचे पर भयानक हमले करेगा। ट्रंप ने तो यहां तक धमकी दी कि "आज रात एक पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी" और इसने दुनिया भर में चिंता पैदा कर दी थी। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के कई नेताओं ने इसकी कड़ी आलोचना की और उनमें से दर्जनों सांसदों ने ट्रंप को पद से हटाने की मांग की। सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद पिछले कुछ महीनों में कई बार कोशिश कर चुके हैं कि युद्ध शक्तियों से जुड़ा प्रस्ताव पास किया जाए, जिससे ट्रम्प को किसी भी सैन्य कार्रवाई से पहले सांसदों की मंजूरी लेनी पड़े। लेकिन उनकी कोशिशें बार–बार असफल रही हैं। कांग्रेस में ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के साथी (पार्टी के पास सीनेट और हाउस दोनों में मामूली बहुमत है) लगभग सभी ने ट्रंप की नीतियों का समर्थन किया है। हालांकि अमेरिका का संविधान कहता है कि युद्ध की घोषणा करने का अधिकार संसद के पास है, राष्ट्रपति के पास नहीं, लेकिन यह नियम छोटी अवधि की सैन्य कार्रवाइयों या तुरंत खतरे की स्थिति में लागू नहीं होता। ट्रंप इसी लूपहोल का फायदा उठाकर एक महीने से लंबी जंग लड़ जा रहे। इसी बीच, हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में डेमोक्रेटिक नेता और न्यूयॉर्क के प्रतिनिधि हकीम जेफ्रीज ने कहा कि हाउस को भी ईरान के खिलाफ युद्ध को सीमित करने वाले प्रस्ताव पर वोट करना चाहिए। हकीम जेफ्रीज़ ने सीएनएन से कहा, "हमें डोनाल्ड ट्रंप के इस लापरवाह और खुद चुने हुए युद्ध को हमेशा के लिए खत्म करना होगा।"

# बंगाल-नई मतदाता सूची को लेकर सियासत हुई तेज़


गुलफिशा खान

वर्ष 2026 के पश्चिम बंगाल विधनासभा चुनाव घोषित हो चुके हैं। जैसे–जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे वैसे राज्य की राजनीति का पारा चढ़ रहा है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के लिए अपने प्रचार को आक्रामक बना चुकी हैं। उनके लिए इस बार राह उतनी आसान नहीं है। भारतीय जनता पार्टी भी इस बार हर हाल में बंगाल में अपनी सरकार बनाने को संकल्पबद्ध है। बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सभा में कहा था कि गंगा नदी बिहार से ही बंगाल में जाती है और उसी दिन से बंगाल मे राजनीतिक तपिश का अनुभव होने लगा था। वहीं इस दौरान पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 से पहले मतदाता सूची को लेकर सियासत तेज हो गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के बाद जारी वोटर लिस्ट से चुनिंदा समुदायों के लोगों के नाम सुनियोजित तरीके से हटाए गए हैं। नदिया जिले के चाकदह में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस उन सभी लोगों के साथ खड़ी है जिनके नाम इस प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची से बाहर हो गए हैं। चुनाव आयोग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, एसआईआर की प्रक्रिया के बाद पश्चिम बंगाल में करीब 91 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। यह आंकड़ा राज्य की राजनीति में बड़ा विवाद बन गया है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि यह सिर्फ तकनीकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि लक्षित कार्रवाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष समुदायों को निशाना बनाकर उनके नाम हटाए गए, जिससे चुनावी संतुलन प्रभावित हो सकता है। ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि उनके हस्तक्षेप के बाद सुप्रीम कोर्ट में मामला उठाया गया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में नाम दोबारा जोड़े गए। उनके मुताबिक, करीब 60 लाख मामले 'अडजुडिकेशन' यानी जांच के दायरे में थे। इनमें से लगभग



32 लाख नाम फिर से बहाल किए गए। उन्होंने इसे अपनी सरकार और पार्टी के दबाव का परिणाम बताते हुए कहा कि अगर यह लड़ाई नहीं लड़ी जाती, तो और भी ज्यादा लोगों के नाम हट जाते। वोटर लिस्ट से नाम हटने का मुद्दा अब सीधे चुनावी बहस का केंद्र बन गया है। टीएमसी इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बता रही है, जबकि विपक्ष इसे चुनाव आयोग की नियमित प्रक्रिया करार दे रहा है। ममता बनर्जी ने कहा कि हम हर उस व्यक्ति के साथ खड़े हैं जिसका नाम गलत तरीके से हटाया गया है। लोकतंत्र में वोट का अधिकार सबसे बड़ा अधिकार है और इसे छीना नहीं जा सकता। विश्लेषकों का मानना है कि इतने बड़े पैमाने पर नाम हटने से चुनावी समीकरण प्रभावित हो सकते हैं, खासकर उन इलाकों में जहां समुदाय आधारित वोटिंग पैटर्न मजबूत है। यह मुद्दा आने वाले दिनों में और गरमाने की संभावना है, क्योंकि मतदान की तारीख नजदीक है और सभी दल इसे अपने–अपने तरीके से भुना रहे हैं। एसआईआर के बाद वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर बदलाव ने पश्चिम बंगाल चुनाव 2026 को और अधिक संवेदनशील बना दिया है। ममता बनर्जी के आरोपों ने इस बहस को और तेज कर दिया है कि क्या यह सिर्फ एक प्रशासनिक प्रक्रिया है या इसके पीछे कोई बड़ा राजनीतिक असर छिपा हुआ है।

# पवार की सक्रिय राजनीति में वापसी, क्या गुल खिलाएगी?


शबाब हुसैन

महाराष्ट्र की सियासत का केंद्र माने जाने वाले बारामती में एक बार फिर चुनावी सरगर्मी तेज है। अजित पवार के निधन के बाद खाली हुई इस सीट पर 23 अप्रैल 2026 को उपचुनाव होने जा रहे हैं,लेकिन मतदान से पहले ही बयानों के तीखे बाणों ने सियासी पारा चढ़ा दिया है। इस बार चर्चा के केंद्र में हैं अजित पवार के बेटे पार्थ पवार, जो कांग्रेस पर दिए एक बयान से घिर गए हैं। अजित पवार की विरासत को संभालने की कोशिश में जुटे पार्थ पवार अपनी मां सुनेत्रा पवार को बारामती से निर्विरोध निर्वाचित कराने के लिए एड़ी–चोटी का जोर लगा रहे हैं। इसी रस्साकशी के बीच कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार उतारे जाने पर उन्होंने एक मराठी न्यूज़ चैनल से बात करते हुए कहा,ष्मुझे दुख है कि महाराष्ट्र में कांग्रेस का पतन हो रहा है। अजित पवार जी के प्रति लोगों के प्यार को जानते हुए भी कांग्रेस अपना उम्मीदवार खड़ा कर रही है. उन्हें जल्द ही पता चल जाएगा कि उन्हें किस तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। हम अब किसी को फोन नहीं करेंगे, किस्मत में जो होगा वही होगा। वहीं पार्थ का यह बयान उस इमोशनल कार्ड का हिस्सा माना जा रहा है, जिसके जरिए वे विपक्षी दलों पर अपनी मां के खिलाफ उम्मीदवार न उतारने का नैतिक दबाव बनाना चाह रहे थे। पार्थ के इस बयान पर सबसे ज्यादा चर्चा उनके दादा और अनुभवी नेता शरद पवार के बयान की हो रही है। शरद पवार ने न केवल कांग्रेस के चुनाव लड़ने के अधिकार का समर्थन किया, बल्कि अपने पोते की राजनीतिक समझ पर भी सवाल उठा दिए। उन्होंने कहा, कांग्रेस का बारामती में उम्मीदवार उतारना उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। रही बात पार्थ पवार की, तो मुझे नहीं लगता कि उनमें कांग्रेस जैसी पार्टी पर टिप्पणी करने के लिए जरूरी राजनीतिक परिपक्वता है। वहीं जहां तक शरद पवार का सवाल है तो महाराष्ट्र की राजनीति के सबसे अनुभवी नेताओं में शुमार शरद पवार ने बीते दिनों राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेकर एक बार फिर सक्रिय



राजनीति में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई। महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवार के रूप में वे निर्विरोध चुने गए, जो उनके राजनीतिक प्रभाव और स्वीकार्यता को दर्शाता है। शपथ के बाद शरद पवार ने कहा कि उनका राजनीतिक सफर 1967 से शुरू हुआ था और अब उन्हें अगले 6 वर्षों के लिए राज्यसभा में काम करने का अवसर मिला है। इसका मतलब है कि मेरा संसदीय अनुभव 65 वर्षों तक पहुंच जाएगा, जो मेरे लिए एक बड़ी जिम्मेदारी और अवसर है। उन्होंने अपने स्वास्थ्य को लेकर भी खुलकर बात की और बताया कि निमोनिया के कारण उन्हें कुछ समय के लिए व्हीलचेयर का सहारा लेना पड़ा, लेकिन अब वे तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं और जल्द ही महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। इस मौके पर उनकी बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने एक भावुक संदेश जारी करते हुए लिखा कि आदरणीय पवार साहेब ने आज राज्यसभा में शपथ ली। उन्होंने 59 वर्षों की संसदीय सेवा पूरी कर 60वें वर्ष में प्रवेश किया है। छह बार विधायक, एक बार विधान परिषद सदस्य, सात बार लोकसभा सांसद और अब तीसरी बार राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका यह अविजीत प्रवास जारी है। उन्होंने बारामती और देशभर के लोगों का आभार जताते हुए कहा कि पवार साहेब को मिला जनसमर्थन परिवार के लिए अमूल्य धरोहर है। तो वहीं दूसरी ओर शरद पवार ने एनसीपी के अंदर चल रही हलचल और संभावित विलय की चर्चाओं पर भी खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि पहले जयंत पाटिल और अजित पवार के बीच विलय को लेकर कई दौर की बातचीत हुई थी। हालांकि, अजित पवार के आकस्मिक निधन के बाद ये चर्चाएं रुक गईं। भविष्य में विलय होगा या नहीं, इस पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। अजित पवार के निधन पर बोलते हुए शरद पवार ने उन्हें जनता के लिए काम करने वाला नेता बताया और कहा कि उनके प्रति लोगों के मन में गहरा सम्मान है। उन्होंने दुर्घटना को लेकर उठ रहे सवालों पर कहा कि शुरुआत में यह एक हादसा ही लगा, लेकिन कुछ लोगों ने इसकी गहराई से जांच की मांग की है। शरद पवार ने राज्य में बढ़ती तथाकथित 'बाबा संस्ःति पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक तरफ समाज सुधारकों शाहू, फुले और आंबेडकर के विचारों की बात की जाती है, वहीं दूसरी ओर कुछ जनप्रतिनिधि ऐसे 'बाबाओंश के संपर्क में रहते हैं, जो इन विचारों के विपरीत है. उन्होंने इसे महाराष्ट्र की सामाजिक और राजनीतिक संस्ःति के लिए चिंताजनक बताया। महिला आरक्षण विधेयक पर प्रतिक्रिया देते हुए पवार ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों में जनसंख्या का संतुलन बनाए रखना जरूरी है, ताकि प्रतिनिधित्व न्यायसंगत हो सके। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि शरद पवार की सक्रिय राजनीति में वापसी महाराष्ट्र की सियासत में बड़ा बदलाव ला सकती है। एनसीपी के भीतर चल रहे असंतोष, संभावित विलय की अटकी चर्चाएं और महाविकास आघाड़ी की रणनीति, इन सभी पर अब पवार की भूमिका निर्णायक हो सकती है। उनका जल्द राज्यव्यापी दौरा और कार्यकर्ताओं से संवाद पार्टी को नई दिशा दे सकता है। आगे क्या? क्या एनसीपी के दोनों गुटों में विलय होगा? बारामती उपचुनाव का परिणाम किस दिशा में जाएगा? क्या शरद पवार फिर से महाराष्ट्र की राजनीति के 'किंगमेकर' बनेंगे? इन सभी सवालों के जवाब आने वाले समय में मिलेंगे, लेकिन इतना तय है कि 60 वर्षों का अनुभव लेकर शरद पवार एक बार फिर सक्रिय भूमिका में लौट आए हैं और इससे महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल तेज होना तय है।

# भारत के अंतिम छोर पर स्थित स्वास्थ्य एवं कल्याण इकोसिस्टम को मजबूत बनाना

प्रतापराव जाधव

अब जबकि भारत सभी के लिए न्यायसंगत, समावेशी और समग्र स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, हमें एक मौलिक प्रश्न पूछना होगारू हम अंतिम गांव के अंतिम व्यक्ति तक सही समय पर गुणवत्तापूर्ण देखभाल पहुंचना कैसे सुनिश्चित करें?

इसका जवाब केवल बुनियादी ढांचे के विस्तार या उन्नत प्रौद्योगिकियों के उपयोग में ही नहीं, बल्कि उन प्रणालियों को मजबूत करने में भी निहित है जो स्वाभाविक रूप से सुलभ, सस्ती और समुदायों के भरोसे पर खरे उतरते हों। इस संदर्भ में, होम्योपैथी भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के साथ–साथ एक मौन लेकिन शक्तिशाली ताकत के रूप में उभर रही है और जमीनी स्तर पर समग्र स्वास्थ्य से जुड़े बुनियादी ढांचे को बदल रही है।

हम यह दिखाई दे रहा है कि होम्योपैथी कैसे जनजातीय क्षेत्रों, ग्रामीण इलाकों और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी वाले शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की आपूर्ति से जुड़ी महत्वपूर्ण कमियों को दूर कर रही है। इसके प्रभाव का पता केवल व्यापकता से ही नहीं, बल्कि सबसे अधिक जरूरत वाले स्थानों – यानी अंतिम छोर – तक पहुंचने की क्षमता से भी चल रहा है।

अब जबकि हर वर्ष 10 अप्रैल को मनाया जाने वाला शविश्व होम्योपैथी दिवसश्च करीब है, यह इस बात पर विचार करने का एक सही मौका है कि यह प्रणाली केवल व्यक्तिगत कल्याण ही नहीं बल्कि समग्र कल्याण का एक ऐसा मॉडल बनाने में भी योगदान दे रही है जो किफायती, पर्यावरण के अनुकूल और सामाजिक रूप से समावेशी हो। इस वर्ष विश्व होम्योपैथी दिवस की थीम सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी है।

18वीं शताब्दी में सैमुअल हैनिमैन द्वारा विकसित और 19वीं शताब्दी में भारत लाई गई, होम्योपैथी सिमिलिया सिमिलिबस




क्यूरेंचर यानी समान से समान का उपचार के सिद्धांत पर आधारित है। दशकों से एक समग्र और रोगी–केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए, यह भारत की बहुआयामी स्वास्थ्य एवं कल्याण प्रणाली का एक अभिन्न अंग बन गई है।

जमीनी स्तर पर होम्योपैथी की सबसे बड़ी खूबी इसकी निरंतर देखभाल सुनिश्चित करने की क्षमता है। कई पिछड़े इलाकों में स्वास्थ्य सेवा टुकड़ों में बिखरी हुई नहीं होती, बल्कि निरंतर और रिश्तों से सचालित होती है। होम्योपैथी का व्यक्ति–केन्द्रित उपचार का दृष्टिकोण, खासतौर पर पुरानी बीमारियों, बार–बार होने वाले संक्रमणों और जीवनशैली संबंधी विकारों के प्रबंधन के क्रम में चिकित्सक और रोगी के बीच दीर्घकालिक जुड़ाव को बढ़ावा देता है। यह निरंतरता उपचार के प्रति रोगी के समर्पण और समग्र स्वास्थ्य से जुड़े नतीजों में उल्लेखनीय सुधार करती है।

आज भारत में 290 से अधिक होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हैं। साथ ही, देशभर में चिकित्सकों का एक विशाल नेटवर्क भी उपलब्ध है। फिर भी, होम्योपैथी के असली प्रभावों को संस्थानों में नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर – झारखंड के जनजातीय जिलों, छत्तीसगढ़ के वन क्षेत्रों में और हिमाचल प्रदेश की दूरदराज की बस्तियों में – बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। वहां एक अकेला चिकित्सक भी सामुदायिक स्वास्थ्य से जुड़े नतीजों में बदलाव ला सकता है।

होम्योपैथी की प्रमुख खूबियों में से एक इसकी सरलता भी है। दवाइयां किफायती होती हैं, इन्हें लाना–ले जाना आसान होता है और इनके भंडारण के लिए किसी जटिल भंडारण संरचना की जरूरत ही नहीं होती है। कमजोर आपूर्ति श्रृंखलाओं और सीमित स्वास्थ्य सेवा कर्मियों वाले इलाकों में, होम्योपैथी की ये विशेषताएं अनमोल हो जाती हैं।

जनजातीय समुदायों, जो हमारी आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और अक्सर बीमारियों का बेमेल बोझ झेलते हैं, के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सांस्कृतिक रूप से भी अनुकूल होना चाहिए। होम्योपैथी का सौम्य और गैर–आक्रामक रवैया पारंपरिक उपचार पद्धतियों के अनुरूप है, जिससे यह अपेक्षाकृत अधिक स्वीकार्य और सुलभ हो जाता है।

इसी क्षमता को पहचानते हुए, भारत सरकार ने होम्योपैथी को मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवाओं साथ जोड़ने के लिए कई कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत, 12,500 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) स्थापित किए गए हैं, जो सामुदायिक स्तर पर होम्योपैथी सहित व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि होम्योपैथी भारत में गैर–संक्रामक रोगों से निपटने में भी योगदान दे रही है। केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) ने मधुमेह, हृदय रोग और अन्य दीर्घकालिक बीमारियों से निपटने से संबंधित राष्ट्रीय कार्यक्रमों में होम्योपैथी को जोड़ा है। यह प्राथमिक देखभाल से परे इसकी प्रासंगिकता को दर्शाता है।

आपूर्ति के नए–नए मॉडल भी उतने ही उत्साहजनक हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के अंतर्गत सेवाओं के एक ही स्थान पर उपलब्ध होने की सुविधा ने पहुंच और विश्वास दोनों को बेहतर बनाया है। चलंत चिकित्सा इकाइयां जहां दूरदराज के इलाकों तक पहुंच रही हैं, वहीं सामुदायिक सहायता से जुड़ी पहलों और महामारी से निपटने से संबंधित कार्यक्रमों ने विभिन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्यों में होम्योपैथी की अनुकूलता को प्रदर्शित किया है।

शायद सबसे कारगर मॉडल बुनियादी होम्योपैथी में प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का है। सही ज्ञान और रेफरल सिस्टम के सहयोग से, ये कार्यकर्ता न्यूनतम लागत पर स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार कर सकते हैं। स्वास्थ्य रक्षा जैसे कार्यक्रम और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीसीआरएच) द्वारा संचालित संपर्क संबंधी पहलों ने पहले ही दिखा दिया है कि समुदाय–आधारित दृष्टिकोण सार्थक नतीजे दे सकते हैं।

भविष्य को देखते हुए, सतत स्वास्थ्य एवं कल्याण के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती लागत, पुरानी बीमारियों का बढ़ता बोझ और रोगाणुरोधी प्रतिरोध जैसी उभरती चुनौतियों से निपटने हेतु ऐसे समाधानों की जरूरत है जो न केवल कारगर हों बल्कि आर्थिक और पर्यावरणीय रूप से व्यवहारिक भी हों।

होम्योपैथी इस दृष्टिकोण के साथ स्वाभाविक रूप से मेल खाती है। इसके कम लागत वाले उपचार परिवारों और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों पर वित्तीय बोझ को कम करते हैं। जबकि इसका न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी कार्यप्रणालियों का समर्थन करता है।

अब हमारा ध्यान इन प्रयासों को व्यापक स्तर पर कार्यान्वित करने पर होना चाहिए। इन प्रयासों में कम सुविधा वाले क्षेत्रों में प्रशिक्षण को मजबूत करना, दवाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करना, गहन अनुसंधान एवं दस्तावेजीकरण को बढ़ावा देना और सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाना शामिल है।

विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब भौगोलिक स्थिति या सामाजिक–आर्थिक हैसियत की परवाह किए बिना गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रत्येक नागरिक तक पहुंचेगी। होम्योपैथी, अपने गहरे सामुदायिक जुड़ाव और टिकाऊ दृष्टिकोण के साथ, इस लक्ष्य को हासिल करने का मार्ग प्रशस्त करती है।

हमारी स्वास्थ्य प्रणाली की असली पहचान उसकी अत्याधुनिक सुविधाओं में नहीं, बल्कि हाशिए पर रहने वाले लोगों की सेवा करने की उसकी क्षमता में निहित है। जब एक सरल और किफायती उपाय किसी दूरदराज के गांव में एक परिवार को राहत पहुंचाता है, तो यह इस सशक्त विचार को पुष्ट करता है – कि भारत में स्वास्थ्य सेवाएं अधिक समावेशी, अधिक मानवीय और वास्तव में सार्वभौमिक होती जा रही हैं।

ख्लेखक आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं।

## क्या डॉनल्ड ट्रंप अमेरिका के बहादुर शाह जफर साबित होंगे ?

अजय दीक्षित

यूएस प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप ने जब ईरान युद्ध पर अमेरिका की जनता को संबोधित किया तो वहां की जनता अपना सिर पकड़ लिया कि हारा हुआ पहलवान जीत का दावा कर रहा है दूसरी ओर मध्य पूर्व में खाड़ी देशों में तैनात अमेरिका के सैनिक मारे जाने या बंदी बनाए जाने के डर से होटलों में शरण ले रहे हैं। हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र में ईरान ने कब्जा कर लिया है और वहां पर 400 से अधिक मालवाहक शिप 2०० नाविकों के साथ फंसे जिनमें क्रूड ऑयल,गैस, लादी हुई है ।जबकि ईरान में अस्सी लाख लोगों ने अपने आप को अमेरिका के खिलाफ युद्ध में लड़ने के लिए पंजीकृत किया है इसके अलावा दस ईरानी ढ्ढक्रत्रष्ट खरग नामक टापू पर लड़ने तैयार है। उल्लेखनीय है कि 23 मार्च को डॉनल्ड ट्रंप ने खार्ग क्षेत्र में भीषण युद्ध करने की धमकी दी थी ।आज हालत यह है कि डॉनल्ड ट्रंप ने अपने उद्बोधन में इसका जिक्र तक नहीं किया और यह भी कह दिया कि नाटो देश निकम्मे है । अमेरिका ने अपने आप को हॉर्मूज से अलग कर कह दिया कि जिसे खाड़ी देशों से तेल लेना हो वह अपने हिसाब से हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र से अपने जहाज निकले। उन्होंने धमकी दी कि वह ईरान को स्टोन एज में भेज दे गा। हॉर्मूज में मध्य पूर्व के देशों के अलावा यूरोपीय देशों के 145 शिप भी फंसे है। 20 भारतीय जहाजों तेल टैंकरों गैस टैंकरों को भी अपनी बारी का इंतजार है ।1857 में भारत के सम्राट बहादुर शाह जफर ने ब्रिटिश को सत्ता सौंपी थी वैसे ही डॉनल्ड ट्रंप अपनी आर्थिक सत्ता को किसको सौंपते हैं और डॉलर की बादशाहत खत्म कर विश्व को आजाद कर रहे हैं क्योंकि अब हॉर्मूज से दुनियां को यह संदेश जा रहा है कि विश्व में सुपर पावर कोई नहीं है ।ईरान ने 35 दिन के युद्ध में अमेरिका को तारे दिखा दिए ।हालत ऐसे हो गए हैं कि नाटो देशों का सैनिक संगठन बिखर गया है। इटली फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, ब्रिटिश,ने कहा है कि ईरान युद्ध हमारा नहीं है। इतना ही नहीं ब्रिटिश प्राइम मिनिस्टर स्टार्मर ने तो ईरान से हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र बहाल करने के लिए 35 यूरोपीय देशों की लन्दन में मीटिंग रखी है क्योंकि नाटो देश चाहते कि अमेरिका को हटा कर ईरान से मानवीय आधार बातचीत की जाय। खाड़ी देशों में भी अब हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र को खुलवाने में पहल की भूमिका ओमान को दे दी है ।खाड़ी देशों में अब कतर,भी ईरान की भाषा बोल रहा है। शिया मौलवी सैयद अलिफ जैदी कहते हैं कि आगे आने वाले समय में हॉर्मूज से डॉलर के पराभव का रास्ता और फिलिस्तीन और गाजा की आजादी का रास्ता निकलेगा और इजरायल का अंत होगा । यूएस प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप के आज के संबोधन का डेमोक्रेट ने भारी विरोध किया और कहा कि ट्रंप ने ईरान युद्ध संबंधी प्रश्नों का साफ उत्तर नहीं दिया है इससे अमेरिका की जनता में आक्रोश है। ईरान के राष्ट्रपति ने कहा है कि युद्ध अमेरिका के समर्पण के बाद ही बंद होगा और अमेरिका से कोई बातचीत नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ईरान अमेरिका की फौज को ईरान की धरती पर उतरने का इंतजार कर रहे हैं ।ईरान एक करोड़ लड़के लड़ेंगे।

## निर्वाचन नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण कार्य हेतु तिथि का हुआ निर्धारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगरीय निकाय ने बताया कि त्रिस्तरी पंचायत के सामान्य निर्वाचन 2026 हेतु तैयार की जाने वाली पंचायत की निर्वाचक नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण कार्य की समय सारणी निर्धारित की गई है। इसमें मतदाता सूचियों की कंप्यूटरीकरण के उपरांत मतदान केंद्रध्स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थानों के वार्डों की मैपिंग, मतदान क्रमांक एसबीएन आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियां आदि की तिथि 17 मार्च 2026 से 21 अप्रैल 2026 तक। निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन 22 अप्रैल,2026 को किया जाएगा। निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित समय सारणी के अनुसार निर्वाचन नामावली के वृहद पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण किया जाएगा।

## अटरिया,,तेज रफ्तार या सड़क बनी कारण? कुंवरपुर चेक पोस्ट के पास बाइक हादसा, दो युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो



सीतापुर। अटरिया थाना क्षेत्र के कुंवरपुर चेक पोस्ट के पास शुक्रवार को एक सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया, जबकि स्थानीय लोगों की तत्परता से घायलों को तुरंत मदद मिल सकी। मिली जानकारी के अनुसार, कुतुबनगर निवासी कौशलेन्द्र सिंह और आलोक सिंह मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान कुंवरपुर चेक पोस्ट के पास अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा तेज रतार या सड़क की खराब हालत के कारण हुआ हो सकता है। हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए घायलों को संभाला और तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 112 व 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। फिलहाल दोनों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है। साथ ही दुर्घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों की अपीलरू क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से सड़क की स्थिति सुधारने और चेक पोस्ट के आसपास सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## NH-30 चौड़ीकरण पर बवालः 56 साल पुराने हनुमान मंदिर को हटाने के नोटिस से बढ़ा तनाव, हिंदू संगठन हुए मुखर

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। राष्ट्रीय राजमार्ग–30 के चौड़ीकरण कार्य के तहत 56 वर्ष पुराने प्राचीन हनुमान मंदिर को हटाने के नोटिस के बाद जिले में विवाद गहराता जा रहा है। मंदिर से जुड़ी आस्था को लेकर अब हिंदू संगठन भी सक्रिय हो गए हैं, जिससे क्षेत्र में हलचल और तनाव का माहौल बन गया है। इस मामले को लेकर राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना और मंदिर के पुजारी रामदास सेवक ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। संगठन पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि यह मंदिर दशकों पुराना है और हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, ऐसे में इसे हटाया जाना किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। संगठन के पदाधिकारी विकास हिंदू ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि विकास कार्यों के नाम पर धार्मिक स्थलों को निशाना बनाना बंद किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले भी एक मंदिर हटाया जा चुका है और अब इस प्राचीन हनुमान मंदिर को हटाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने साफ कहा कि यदि प्रशासन ने कार्रवाई की, तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होगा। वहीं, जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संतुलित रुख अपनाया है। प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद उन्होंने आश्वासन दिया कि पूरे प्रकरण की गहन जांच कराई जाएगी और सभी पक्षों को ध्यान में रखते हुए ही आगे का निर्णय लिया जाएगा। संगठन की मांग है कि प्रशासन ऐसा वैकल्पिक समाधान निकाले, जिससे एक ओर राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण कार्य भी बाधित न हो और दूसरी ओर धार्मिक आस्था भी सुरक्षित रह सके। फिलहाल, इस संवेदनशील मुद्दे पर प्रशासन के अगले कदम पर क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं की निगाहें टिकी हुई हैं।




## कचेहरी से गिरफ्तारी पर बवालः अधिवक्ताओं ने किया बहिष्कार, न्यायिक कार्य ठप होने के आसार

न्यूज वाणी ब्यूरो



सीतापुर। कचेहरी परिसर से एक अभियुक्त की गिरतारी को लेकर अधिवक्ताओं में जबरदस्त आक्रोश फैल गया है। पुलिस की इस कार्रवाई के विरोध में वकीलों ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया है, जिससे आगामी दिनों में अदालतों का कामकाज प्रभावित होने की संभावना है। मामला सकरन लूटकांड से जुड़ा बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, आरोपी ओमप्रकाश कोर्ट में आत्मसमर्पण करने के उद्देश्य से कचेहरी परिसर पहुंचा था। लेकिन जब अदालत ने उसका सरेंडर स्वीकार नहीं किया, तो पुलिस ने मौके का फायदा उठाते हुए उसे वहीं से गिरतार कर लिया। इस कार्रवाई को अधिवक्ताओं ने न्यायिक प्रक्रिया के खिलाफ बताते हुए कड़ा विरोध जताया है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय अवस्थी ने पुलिस की कार्रवाई को अनुचित करार देते हुए कहा कि जब कोई अभियुक्त स्वयं अदालत में समर्पण करने आता है, तो उसे विधिक प्रक्रिया के तहत ही लिया जाना चाहिए। कचेहरी परिसर से सीधे गिरतारी करना नियमों के विपरीत है और इससे न्यायपालिका की गरिमा भी प्रभावित होती है। घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने 10 से 15 अप्रैल तक जिला जज और न्यायिक मजिस्ट्रेट–4 की अदालतों में कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। इससे न्यायालयों में लंबित मामलों की सुनवाई प्रभावित हो सकती है। बताया जा रहा है कि आरोपी ओमप्रकाश ने पहले ही पुलिस द्वारा मुठभेड़ की आशंका जताई थी। गिरतारी के बाद उसने जिला जज से शिकायत भी की, लेकिन उस पर कोई सुनवाई न होने से वकीलों का आक्रोश और बढ़ गया। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो इसकी शिकायत उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से की जाएगी। फिलहाल कचेहरी परिसर में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# असम सीएम के बयान पर कांग्रेस का विरोध, पुतला छीनने पर बढ़ा विवाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर । असम के मुख्यमंत्री के बयान के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश खुलकर सामने आया। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन की कोशिश की, लेकिन इस दौरान पुलिस ने हस्तक्षेप कर पुतला दहन नहीं होने दिया। इसी बात को लेकर कांग्रेसियों और पुलिस के बीच जमकर नोकझोंक हो गई, जिससे मौके पर काफी देर तक तनाव की स्थिति बनी रही। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने पहले कार्यालय के बाहर पुतला दहन की अनुमति मांगी, लेकिन पुलिस ने इसकी इजाजत देने से साफ इनकार कर दिया। जब कार्यकर्ता पुतला दहन करने पर अड़े रहे, तो पुलिस ने आगे बढ़कर पुतला अपने कब्जे में ले लिया। इस कार्रवाई से कार्यकर्ताओं में भारी रोष फैल गया और उन्होंने पुलिस के खिलाफ विरोध जताया। इसके बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर असम के मुख्यमंत्री के बयान पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। नेताओं ने कहा कि इस तरह के बयान समाज में वैमनस्य फैलाने वाले हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ हैं। उन्होंने प्रशासन पर भी आरोप लगाया कि वह विपक्ष की आवाज दबाने का काम कर रहा ळें कांग्रेस नेताओं ने पुलिस की कार्रवाई को "तानाशाही रवैया" करार देते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन सरकार और प्रशासन मिलकर इसे कुचलने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदर्शन में पूर्व सांसद ओमवती देवी, शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग, पूर्व आईएएस आर.के. सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इसके अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर प्रशासन के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की बयानबाजी और विरोध प्रदर्शनों पर रोक–टोक जारी रही, तो पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ेगी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो जिले भर में व्यापक विरोध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और सरकार को जनता की ताकत का एहसास कराया जाएगा।




# आग लगने का कारण बनी शॉर्ट शर्किट! कई बीघे गेहूं की फसल जलकर हुई राख

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ रायबरेली। इन दिनों किसान चारों से मरता हुआ दिखाई पड़ रहा एक तरफ मौसम ने किसानों की फसलों को बर्बाद कर दिया वहीं अब खेतों में लगे बिजली के खंभे में अचानक हुई शार्ट सर्किट से कई बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई सूचना के काफी देर बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शुक्रवार को दोपहर बाद डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के मधुकर नवीन मजरे रायपुर टप्पा हवेली गांव में खेतों के बीच लगे बिजली के खंबे में अचानक हुई शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसलों में आग लग गई। आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया कई बीघे गेहूं की फसल को अपनी आगोश में ले लिया। जिससे लगभग 18 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई ।ग्रामीणों ने इसकी सूचना दमकल कर्मियों को दी सूचना पर मौके पर पहुंचे 112 पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना के काफी देर बाद दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक सब कुछ नष्ट हो चुका था। शॉर्ट सर्किट से खेतों में लगी आग से जयप्रकाश, राधेश्याम, जग्गू सोनकर, शक्ति वर्मा, राजन निर्मल, चंपू ,सविता,संतोष, सविता, रंजन सविता, राजेश सविता, कन्हैया लाल निर्मल, राजकुमार निर्मल, सुंदरलाल निर्मल, किशन कुमार, छेदी निर्मल आदि किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई है किसानों ने बिजली विभाग के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया कि खेतों में लगे खंभे में बंधे तारों को बहुत लापरवाही तरीके से बांधा गया जिससे तेज हवा चलने से तारों में स्पार्क हुआ जिससे किसानों का इतना बड़ा नुकसान हुआ। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे कानूनगो शिव प्रकाश त्रिवेदी, क्षेत्रीय लेखपाल मनोज कुमार पाल ने बताया शॉर्ट शर्किट से लगभग 18 बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई हैं नुकसान का आकलन किया जा रहा है पीड़ित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।



# हजूर यहां भी इलाज के नाम पर चल रहा मौत का कारोबार, अटरिया में बेखौफ चल रहे फर्जी क्लिनिक" कार्यवाहियों से दूर

### –''मौत के क्लिनिक"रूबिना डिग्री 'डॉक्टरों' का खतरनाक खेल, ऑपरेशन तक हो रहे बेखौफ!

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुरध्अटरिया। जनपद सीतापुर के अटरिया थाना क्षेत्र में अवैध क्लिनिकों का जाल अब एक गंभीर जनस्वास्थ्य संकट बनता जा रहा है। बिना किसी मान्यता, डिग्री या सरकारी अनुमति के संचालित ये तथाकथित क्लिनिक खुलेआम लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहे ये सेंटर न सिर्फ दवा दे रहे हैं, बल्कि मरीजों को भर्ती कर ऑपरेशन तक कर डाल रहे हैं। मेडिकल स्टोर के पीछे 'मिनी अस्पताल'अटरिया के मानव चौराहे पर स्थित एक मेडिकल स्टोर के पीछे बने कमरों में बाकायदा बेड लगाकर मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। यहां इंजेक्शन, ग्लूकोज चढ़ाने से लेकर छोटे–बड़े ऑपरेशन तक किए जाने की बात सामने आई है। बिना किसी सुरक्षा मानक और विशेषज्ञता के यह सब होना सीधे तौर पर जान से खिलवाड़ है। सड़क किनारे इलाज, तख्त पर 'ऑपरेशन'! पटुहिया गांव के पास तो हालात और भी बदतर हैं। यहां सड़क किनारे तख्त और बेंचों पर मरीजों को लिटाकर इलाज किया जा रहा है। खुले में ग्लूकोज चढ़ाना और इंजेक्शन लगाना आम .श्य बन चुका है। "हर बीमारी का इलाज" का दावा अटरिया कस्बे के अंबरपुर चौराहा और आसपास के इलाकों में एक कथित 'डॉक्टर' वर्षों से हर बीमारी का इलाज करने का दावा कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वह ऑपरेशन तक करता है, जिससे कई बार मरीजों की हालत बिगड़ जाती है। इसी तरह अटरिया–नील मार्ग, समान चौराहा और भगवतीपुर चौराहा पर भी कई फर्जी क्लिनिक सक्रिय हैं। यहां मरीजों का खून निकालकर जांच के नाम पर खेल शुरू हो जाता है, लेकिन किसी भी प्रकार की प्रमाणिक लैब या व्यवस्था नहीं होती। एक मौत ने खोली सच्चाई हाल ही में अटरिया निवासी एक महिला की मौत ने इस पूरे नेटवर्क की पोल खोल दी। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान पेट में औजार लग जाने से संक्रमण हुआ और बाद में लखनऊ में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामला बढ़ने पर स्वास्थ्य विभाग को मजबूरन दो अस्पतालों को सील करना पड़ा। सवालों के घेरे में स्वास्थ्य विभाग स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्रवाई केवल तब होती है जब कोई बड़ा हादसा सामने आता है। जबकि क्षेत्र में वर्षों से दर्जनों अवैध क्लिनिक धड़ल्ले से चल रहे हैं। अगर समय रहते कार्रवाई होती, तो शायद कई जिंदगियां बचाई जा सकती थीं। ग्रामीणों के लिए खतरे की घंटी सस्ते इलाज और जागरूकता की कमी के चलते ग्रामीण इन फर्जी डॉक्टरों के झांसे में आ जाते हैं। लेकिन बिना डिग्री इलाज, गलत दवाओं और असुरक्षित ऑपरेशन के कारण उनकी जान हमेशा खतरे में बनी रहती है। निष्कर्ष अटरिया क्षेत्र में अवैध क्लिनिकों का यह नेटवर्क अब एक गंभीर चेतावनी है। जरूरत है सख्त कार्रवाई, नियमित जांच और जनजागरूकता की.ताकि 'मौत के इन क्लिनिकों' पर पूरी तरह रोक लग सके और लोगों की जान सुरक्षित रह सके।




# लहरपुर बीडीओ कार्यालय पर डीएम का छापाः फाइलों में गड़बड़ी, अफसरों पर गिरी गाज

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर सीतापुर। जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जिलाधिकारी राजागणपति आर ने शुक्रवार को लहरपुर स्थित खंड विकास कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय में चल रहे कार्यों, अभिलेखों और शिकायत निस्तारण प्रणाली की गहन जांच की गई, जिसमें कई गंभीर खामियां उजागर हुईं। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अपर अभियंता पटल पर जेई से जुड़े अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया। शिकायत पटल पर बीडीओ के शिकायत रजिस्टर की जांच करते हुए उन्होंने कई शिकायतकर्ताओं से सीधे फोन पर बात कर निस्तारण की वास्तविक स्थिति जानी। साथ ही जिलाधिकारी स्तर से भेजी गई शिकायतों की प्रगति भी परखी गई। स्थापना पटल पर ग्राम विकास अधिकारी की सेवा पुस्तिका का निरीक्षण करते हुए एसीपी और वार्षिक वेतन वृद्धि से संबंधित प्रविष्टियों की जानकारी ली गई। लेखाकार कक्ष में ग्रांट 1, 2 और 3 के रजिस्टरों का निरीक्षण कर क्षेत्र पंचायत में चल रहे विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लिया गया। डीएम ने बीडीओ शैलेन्द्र सिंह से ग्रामीण स्टेडियम, सीएचसी, पीएचसी समेत अन्य निर्माण कार्यों की जानकारी ली। मातृ सुरक्षा केंद्र के निर्माण में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित जेई का वेतन रोकने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों की फाइलों में कार्य से पहले और बाद की फोटो संलग्न न होने तथा बिना सत्यापन भुगतान किए जाने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने बीडीओ और लेखाकार के खिलाफ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा एडीपीओ के मास्टर रजिस्टर में भी कमियां पाई गईं, जिस पर अभिलेखों को तत्काल अपडेट करने के निर्देश दिए गए और लापरवाही पर वेतन रोकने की चेतावनी दी गई। मनरेगा और एनआरएलएम से जुड़े दस्तावेजों में भी खामियां मिलने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस और प्रतिकूल प्रविष्टि देने के आदेश दिए गए। निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि सभी कार्यों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए, अभिलेख अद्यतन रखे जाएं और निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# जेल का हाई लेवल निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए कड़े निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर । शुक्रवार को जिला कारागार का उच्च स्तरीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रशासनिक न्यायाधीश, माननीय उच्च न्यायालय प्रयागराज, जिला न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से जेल का दौरा किया और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, बैरकों की स्थिति, साफ–सफाई, बंदियों को मिलने वाली सुविधाएं एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। अधिकारियों ने जेल प्रशासन से सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी ली और व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। इस मौके पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही बंदियों के लिए आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिला कारागार में कानून–व्यवस्था और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। नियमित निरीक्षण के माध्यम से व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाएगा और किसी भी कमी को तुरंत दूर किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन में हड़कंप की स्थिति रही और सभी अधिकारी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटे नजर आए।



# लखीपुर खीरी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। सदर कोतवाली पुलिस ने अवैध तमंचों के साथ जुआ खिलाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने रंगीला नगर क्षेत्र से इस गिरोह के 6 आरोपियों को गिरतार किया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में भी जाकर जुआ खिलाने का काम करते थे। यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और अवैध गतिविधियों के जरिए मोटी रकम कमा रहा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 4 लाख 91 हजार रुपये नगद, 2 अवैध पिस्टल और 4 तमंचे बरामद किए हैं। इस पूरे मामले का खुलासा आज पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षकध्सीओ सदर विवेक तिवारी ने किया। पुलिस द्वारा गिरतार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## खीरी टाउन में 28 लाख की लागत से श्मशान घाट का होगा सुंदरीकरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी के खीरी टाउन स्थित चोरही बाग में बने श्मशान घाट का जल्द ही सुंदरीकरण किया जाएगा। नगर पंचायत द्वारा इस कार्य के लिए शासन से 28 लाख रुपये की मंजूरी प्राप्त हो चुकी है। शुक्रवार सुबह सदर विधायक योगेश वर्मा ने विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। इस दौरान उन्होंने बताया कि श्मशान घाट के सुंदरीकरण से आमजन को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और अंतिम संस्कार के दौरान होने वाली असुविधाओं से राहत मिलेगी। परियोजना के तहत श्मशान घाट में विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को साफ–सुथरा और व्यवस्थित वातावरण मिल सके। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए नगर पंचायत और शासन का आभार व्यक्त किया है।

## बिना जमीन के प्रधानमंत्री आवास हो गया आवांटित कौन है जिम्मेदार

न्यूज वाणी ब्यूरो

तंबौर सीतापुर कस्बे के एक मोहल्ले में विवादित भूमि पर आवंटित प्रधानमंत्री आवास के निर्माण को लेकर दो पक्षों में हुआ खूनी खेल ।चोटिल पक्ष द्वारा थाने पर तहरीर दी गई पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही कर दी है ।कस्बे के मोहल्ला गोड़ियन टोला में मृतक छोटे पुत्र भासू की संपत्ति को लेकर उनके कथित परिवार व कथित भांजे के बीच काफी दिनों से मुकदमा चल रहा है जिसका फैसला होना भले ही बाकी हो लेकिन आवास आवंटन से जुड़े जाँचकर्ताओं ने मकान पर काबिज पटवारी पुत्र मद्दर को बिना मकान प्रमाणपत्र के पात्र कर दिया जिसके बाद उन्हें आवास की पहली किस्त भी रिलीज हो गई ।पटवारी ने उक्त भूमि पर जैसे ही निर्माण कार्य शुरू किया तो उनके भांजे ब्रजमोहन पुत्र रामभरोसे ने उसे मुकदमा का हवाला देकर उसे रोकने को कहा ।बताते हैं इसी बात पर दोनों पक्षों में हुई मारपीट में ब्रजमोहन का सर फट गया ।ब्रजमोहन द्वारा पटवारी व उनके दोनों पुत्रों संजय व मलखे के खिलाफ थाने पर तहरीर दी गई ।पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही करते हुए आवास निर्माण न करने की हिदायत दी है । इस प्रकरण के बाद आवास आवंटन में पात्रता की जाँच करने व जगह का फोटो खींच कर धन आवंटन करने वाले जिम्मेदारों पर सवाल खड़े कर दिये हैं जिन्होंने जगह का मालिकाना हक जाने वगैर सरकारी धन विवाद में धकेल दिया । यही नहीं कस्बे के मोहल्ला शेखनटोला मे छोटेलाल यादव, प्यारे लाल यादव,लालजी यादव की भूमि को दिखाकर प्रधानमंत्री आवास आवांटित कर दिया गया ।अब देखना यह है की आगे क्या होता है।

## आंगनबाड़ी केंद्र अपने मूल उद्देश्य से भटक गया हैरू प्रवीण कुमार सिंह

फोटो परिचय–30

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर(ब्यूरो)। विकास खण्ड कसमंडा की ग्राम पंचायत कैमा में बना आंगनबाड़ी केंद्र अपने मूल उद्देश्य से भटक गया है। आरोप है कि केंद्र पर बच्चों की शिक्षा और पोषण संबंधी गतिविधियों के बजाय एक परिवार का कब्जा है, जिससे आंगनबाड़ी संचालन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की ओर से मुख्य विकास अधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि ग्राम पंचायत कैमा में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संचालित नहीं हो रहा है। यहां न तो बच्चों की पाठशाला चल रही है और न ही मध्याह्न भोजन जैसी योजनाएं धरातल पर दिखाई दे रही हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि सरकार जहां एक ओर ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए नए आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण और पुराने केंद्रों के सुधार पर जोर दे रही है, वहीं कैमा गांव में बना केंद्र ही निजी उपयोग में लिया जा रहा है, जो गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। एनसीपी पदाधिकारियों ने मामले को बच्चों के भविष्य से जुड़ा बताते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत के अबोध बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। पार्टी ने मुख्य विकास अधिकारी से मांग की है कि मामले की स्थलीय जांच कराई जाए और दोषी अधिकारी एवं कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि केंद्र का संचालन पुनः शुरू हो सके और बच्चों को योजनाओं का लाभ मिल सके।



फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
**फैसल चश्में वाले**
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
**फैसल चश्में वाले**
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद — जी.टी. रोड, फतेहपुर — MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी — सम्पादक कारवाने हक — 9415065213
एफ.ए.जाफरी — D.R. (Opt.) — 7379440876

# अपराध निरोधक समिति की टीम ने नवागत एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव से की औपचारिक भेंट, किया सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति, लखनऊ के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के निर्देशन में समिति की बहराइच इकाई ने नवागत पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव से उनके कार्यालय पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने बुके एवं वार्षिक पत्रिका "सेवा पथ" भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। समिति के प्रतिनिधिमंडल में जिला सचिव एवं जेल विजिटर जिला कारागार केशव कुमार मौर्य, जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन, जिला उप सचिव विनोद कुशवाहा, जिला मंत्री मोहसिन अहमद, रुपईडीहा नगर उपाध्यक्ष इरशाद हुसैन, संगठन मंत्री रमेश मिश्रा एवं जिला संगठन मंत्री ओमकार नाथ मिश्रा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। बैठक के दौरान समिति के पदाधिकारियों ने जिले की कानून–व्यवस्था एवं सामाजिक परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की तथा समिति के कार्यों एवं उद्देश्यों से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन ने बताया कि अपराध निरोधक समिति सामाजिक सरोकारों से जुड़ी संस्था है, जो जेल मैनुअल के तहत कार्य करते हुए जिला कारागार बहराइच में निरुद्ध बंदियों के हितों के लिए समय–समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। समिति द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने सराहना व्यक्त करते हुए भविष्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इसी क्रम में समिति के सदस्यों ने अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी से भी भेंट कर उन्हें बुके भेंट कर सम्मानित किया तथा जिले के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09 मई को

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साक्षी सिंह ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मऊ के तत्वावधान में दिनांक 09 मई 2026 दिन शनिवार को सुबह 10रू00 बजे से 5रू00 बजे तक दीवानी न्यायालय मऊ के प्रांगण में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश, मऊ के निर्देशन में सुनिश्चित किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में विहित विषय वस्तुओं से सम्बन्धित प्रकरणों के साथ–साथ मध्यस्थता मामलों हेतु आरबिट्रेशन विशेष लोक अदालत एवं आवश्यकता अनुरुप सभी आपसी सुलह योग्य अपराधिक वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, धारा 138 पराकम्य लिखित अधिनियम, पारिवारिक ६ वैवाहिक मामले, दीवानी वाद, मेड़बन्दी, एवं दाखिल खारिज, पंजीयन ६ स्टाम्प वाद चकबन्दी वाद, धारा 446 दं०प्र०सं० से सम्बन्धित मामले, पब्लिक प्रीमाइसेज एक्ट सम्बन्धी मामले, उत्तराधिकार सम्बन्धी मामले, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रकरण, स्थानीय विधियों के अंतर्गत शमनीय वाद, भूमि आध्याप्ति वाद, बैंक वसूली सम्बन्धी वाद, किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के अन्तर्गत चालान, पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान, मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत चालान, मनोरंजन कर अधिनियम के अन्तर्गत चालान, बाट तथा माप (प्रचालन) अधिनियम के अन्तर्गत चालन, उ०प्र० दुकान एवं वाणिज्य अधिनियम के अन्तर्गत चालान, चलचित्र अधिनियम के अन्तर्गत चालान, आबकारी अधिनियम संबंधी वाद, गैंम्बलिंग एक्ट, नगर निगमध्नगर पालिका के अन्तर्गत चालान, विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत चालान, अंतिम आख्या मोबाईल एवं केबल नेटवर्क संबंधित प्रकरण, प्रीलिटिगेशन प्रकरण, आर०टी०ओ० चालान, व अन्य, वादों का निस्तारण पक्षकारों के आपसी सुलह–समझौते के आधार पर किया जायेगा

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण एवं गंगा समिति की बैठक संपन्न

## –बैठक में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की दी गई चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण, पर्यावरण, आर्द्रभूमि एवं जिला गंगा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई और आगामी लक्ष्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने आगामी वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी संबंधित विभाग अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप स्थलों का चयन जल्द से जल्द पूर्ण कर लें। रोपे गए पौधों की सुरक्षा के लिए श्ट्री–गार्डश और जियो–टैगिंग की अनिवार्यता पर बल दिया गया ताकि पौधों की उत्तरजीविता सुनिश्चित की जा सके। जिला गंगा समिति की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने नदियों के किनारे स्थित गांवों में स्वच्छता अभियान चलाने और प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नदियों में सीधे गिरने वाले नालों के प्रबंधन और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए जन–जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। जिले की आर्द्रभूमियों के संरक्षण पर चर्चा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि वेटलैंड्स पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनके अतिक्रमण को रोकने और सुंदरीकरण के लिए वन विभाग और राजस्व विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में वर्ष 2025 में कराए गए वृक्षारोपण के जियो टैगिंग की स्थिति के संबंध में जानकारी ली गई जिसमें नगर विकास विभाग एवं जल शक्ति विभाग सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग सहित अन्य विभागों को मुख्य विकास अधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि जल्द से जल्द जिओ ट्रैकिंग रिपोर्ट वन विभाग को उपलब्ध करा दें साथ ही पिछले तीन वर्षों 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23 में भी पौधरोपित किए गए वर्ष वार विवरण दो दिन में उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। सभी विभाग समन्वय बनाकर श्हरित मऊश के संकल्प को पूरा करें। पर्यावरण के प्रति जन–भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विद्यालयों और ग्राम पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाए जाएं। बैठक में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी और समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति फेज-5- महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा, 10 अप्रैल 2026। इटावा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज–5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत थाना ऊसराहार क्षेत्र में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं और आमजन को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्क रहने की सलाह दी गई।

# अन्तिम मतदाता सूची में जनपद के मतदाताओं की संख्या हुई 22 लाख 21 हजार 435

## -एसआईआर के पश्चात मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच 10 अप्रैल। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का अन्तिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को कर दिया गया है। निर्वाचक नामावलियों के अन्तिम प्रकाशन के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि वर्तमान में अन्तिम प्रकाशन के समय जनपद में कुल 2221435 मतदातों को मतदाता सूची में सम्मिलित किया गया है, जिसमें कुल 1212609 पुरूष मतदाता एवं 1008786 महिला मतदाता तथा 40 अन्य श्रेणी के मतदाता हैं। डीएम ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से पूर्व 27 अक्टूबर 2025 को जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या 2648344 थी। जिसमें कुल 1395890 पुरूष मतदाता एवं 1252404 महिला मतदाता तथा 50 अन्य श्रेणी के मतदाता थे। जबकि आलेख्य प्रकाशन की तिथि 06 जनवरी 2026 को जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या 2107016 थी। जिसमें कुल 1152126 पुरुष मतदाता, 954857 महिला मतदाता एवं 33 अन्य श्रेणी के मतदाता थे। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 प्रारम्भ होने



की तिथि 27 अक्टूबर 2025 को जहां जनपद का जेण्डर रेशियो 897 था एवं ईपी रेशियो 56.03 था वहीं वर्तमान में अन्तिम प्रकाशन के समय जनपद का जेण्डर रेशियो 832 है एवं ईपी रेशियो 47.01 है। डीएम ने बताया कि गणना प्रपत्रों के वितरण एवं डिजिटाईजेशन के समय कुल गणना प्रपत्रों 2648344 के सापेक्ष शत–प्रतिशत गणना प्रपत्र मतदाताओं को वितरित किये गये। जिसमें से कुल 2107016 गणना प्रपत्र मतदाताओं से भरकर वापस प्राप्त हुए एवं 541328 गणना प्रपत्र अप्राप्त रहें। अप्राप्त गणना प्रपत्रों में 82234 मृतक, 140033 अनुपस्थित, 222747 शिटेड, 87910 पूर्व से नामांकित एवं 8404 अन्य श्रेणी के पाये गये। जनपद में ऐसे मतदाता जिनकी मैपिंग 2003 की मतदाता सूची से न होने एवं तार्किक विसंगति के कारण कुल 541214 (150602 नो मैपिंग एवं 390612 तार्किक विसंगति) मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया है। जिनका निस्तारण शत–प्रतिशत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण के माध्यम से एवं बी.एल.ओ. के माध्यम से करा दिया गया है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण प्रारम्भ होने से अब तक जनपद में कुल 133245 फार्म–06, 6526 फार्म–07 एवं 37858 फार्म–08 प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त एन.आर.आई. नागरिकों के कुल 13 फार्म–6ए प्राप्त हुए हैं। जिनका निस्तारण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के माध्यम से करा दिया गया है। जनपद बहराइच में अवस्थित कुल 07 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 282–बलहा, 283–नानपारा, 284–मटेरा, 285–महसी, 286–बहराइच, 287–पयागपुर एवं 288–कैसरगंज अन्तर्गत मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा कुल 8151 बी.एल.ए. नियुक्त किये गये हैं। जिसमें भारतीय जनता पार्टी द्वारा 2711, समाजवादी पार्टी द्वारा 2671, बहुजन समाज पार्टी द्वारा 2711 एवं अपना दल द्वारा 58 बी.एल.ए. नियुक्त किये गये हैं। जनपद की कुल अनुमानित जनसंख्या 4725886 है, जिसमें कुल 2499142 पुरूष एवं कुल 2226744 महिला हैं। जनपद में मतदेय स्थलों एवं मतदान केन्द्रों की बात की जाए तो कुल मतदेय स्थलों की संख्या 2981 एवं मतदान केन्द्रों की संख्या 1388 है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार भी मौजूद रहे।

# नवागत पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने किया रुपईडीहा थाने का निरीक्षण, सीमा सुरक्षा का लिया जायजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिले में कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवागत पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने शुक्रवार को भारत–नेपाल सीमा से सटे रुपईडीहा थाने का औचक निरीक्षण किया। यह उनका जनपद में पहला क्षेत्रीय दौरा रहा। ज्ञात हो कि 30 मार्च को पूर्व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के स्थानांतरण के बाद विश्वजीत श्रीवास्तव को बहराइच का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। कार्यभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने को प्राथमिकता दी। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे रुपईडीहा पहुंचकर एसपी ने थाने का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ–सफाई, अभिलेखों का रख–रखाव, शस्त्रागार एवं अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत पुलिस अधीक्षक भारत–नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पहुंचे, जहां उन्होंने सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सीमा से होकर आने–जाने वाले लोगों की जांच प्रक्रिया को भी देखा और सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। सीमा निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत, एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट सुनील कुमार शांति सहित अन्य अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे। इस अवसर पर नेपाल के सीमावर्ती थाना जमुनहा के इंचार्ज किरण मल्ल तथा नेपाल सशस्त्र बल (बांके) के अधिकारी के. भट्ट से भी मुलाकात कर सीमा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। पत्रकारों से बातचीत में एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद में कार्यभार ग्रहण करने के बाद यह उनका पहला सीमावर्ती दौरा है। उन्होंने बताया कि भारत–नेपाल सीमा संवेदनशील है, ऐसे में यहां की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और उन्हें रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही, नेपाल एक मित्र राष्ट्र होने के नाते आम नागरिकों के आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी, लेकिन अवांछनीय तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बांदा के युवाओं के सपनों को लगे पंख, 93515 छात्र-छात्राओं के खातों में पहुंची छात्रवृत्ति

## -यूपी सरकार की योजना से बांदा के युवाओं के सपनों को मिले पंख।

## -मिशन शिक्षा के अंतर्गत योगी राज में समय पर मिली स्कॉलरशिप, छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे।

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के मिशन शिक्षा अभियान के तहत बांदा जिले के विद्यार्थियों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। समाज कल्याण विभाग द्वारा अब तक जिले के कुल 93515 पात्र छात्र–छात्राओं के खातों में छात्रवृत्ति की धनराशि सफलतापूर्वक जारी कर दी गई है। समय पर मिली इस आर्थिक मदद से न केवल विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे हैं। बल्कि उनके आगे की पढ़ाई की राह भी आसान हो गई है। अमूमन छात्रवृत्ति के लिए लंबा इंतजार करने वाले छात्र अब बेहद उत्साहित हैं। छात्रवृत्ति मिलने से छात्र छात्राओं में आर्थिक तनाव हुआ कम योगी सरकार की प्राथमिकता के चलते छात्रवृत्ति वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाई गई। विभाग के अनुसार बांदा के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विभिन्न वर्गों के 93515 छात्र–छात्राओं को इस योजना का लाभ मिला है और धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी गई है जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रही। छात्रवृत्ति मिलने से अब जहां छात्र छात्राओं में आर्थिक तनाव कम हुआ है। जिससे अब छात्र छात्राएं अपनी फीस और किताबों का खर्च वहन कर रहे हैं। छात्र छात्राओं के अभिभावकों ने भी इसे मिशन शिक्षा की एक बड़ी जीत बताया है। युवाओं के सपनों को मिली नई उड़ान सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी मेधावी छात्र धन के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक डेटा सत्यापन के बाद पात्र पाए गए सभी 93515 विद्यार्थियों को भुगतान कर दिया गया है और आने वाले समय में अवशेष पात्र छात्र छात्राओं की प्रक्रिया को भी जल्द पूरा करने की उम्मीद है। बांदा के युवाओं के लिए यह छात्रवृत्ति महज एक धनराशि नहीं बल्कि उनके उज्जवल भविष्य की नींव है। योगी सरकार द्वारा शिक्षा के बजट और




वितरण प्रणाली में किए गए सुधारों का असर अब धरातल पर दिखने लगा है। जिससे बुंदेलखंड के इस पिछड़े जिले के युवाओं के सपनों को नई उड़ान मिली है।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत मानवी मिश्रा बनी एक दिन के लिए जिलाधिकारी

## –समस्याओं को गंभीरता से सुनी व निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5 द्वितीय चरण अभियान अंतर्गत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक तथा मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में तथा जिला प्रोवेशन अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन मे आज कलेक्ट्रेट सभागार में एक दिन की जिलाधिकारी तथा हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर ग्राम व पोस्ट काठतरावं मर्यादपुर मधुबन मऊ की निवासरत बालिका देवरिया पब्लिक स्कूल की छात्रा मानवी मिश्रा को एक दिन के लिए जिलाधिकारी के रूप मे मनोनीत किया गया।छात्रा मानवी ने कलेक्ट्रेट सभागार मे जनसुनवाई करते हुए जनपद के विभिन्न नागरिकों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभागों को निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं तथा महिलाओ में नेतृत्व, आत्मविश्वास और प्रशासनिक समझ विकसित करना था, जिससे वो भविष्य मे समाज सेवा और शासन– प्रशासन के कार्यों मे सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी ने मानवी मिश्रा को बधाई देते हुए कहा की मिशन शक्ति अभियान का यह स्वरूप बालिकाओं को प्रेरित करता है की वे बड़े सपने देखें और समाज के विकास में योगदान दें। छात्रा मानवी मिश्रा ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि ष्एक दिन की जिलाधिकारीष बनना उनके लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है, उन्होंने कहा कि इस अनुभव से उन्हें यह समझ मिली की प्रशासनिक पद पर बैठकर जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना कितना जिम्मेदारी पूर्ण कार्य है। अंत मे जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने यह संदेश दिया कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए इस प्रकार के प्रेरणादायक कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम मे जनपद की महिला पुलिस इंस्पेक्टर एवं कांस्टेबल तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से आंगनवाड़ी कार्यकत्री बहनें एवं समस्त महिला कल्याण विभाग की टीम उपस्थित रहीं।

# ईंट-भट्टों से उठती शिक्षा की लौः डॉ. रामविलास भारती की प्रेरक पहल

न्यूज वाणी ब्यूरो

घोसी–मऊ। शिक्षा के क्षेत्र में उत्.ष्ट योगदान के लिए विख्यात, गोल्ड मेडलिस्ट एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरौली के प्रधानाध्यापक डॉ. रामविलास भारती ने एक बार फिर अपने सामाजिक सरोकारों का परिचय देते हुए समाज के वंचित, दबे–कुचले एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया। डॉ. रामविलास भारती स्वयं ईंट–भट्ठों पर पहुंचकर वहां कार्यरत श्रमिकों के बच्चों से मिले, उन्हें कॉपी, किताबें एवं आवश्यक शैक्षिक सामग्री वितरित की तथा विद्यालय में नामांकन हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों को आरटीई (शिक्षा का अधिकार अधिनियम) के तहत बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा दिलाने के अधिकार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान डॉ.रामविलास भारती ने स्पष्ट रूप से बताया कि बाल श्रम एक दंडनीय अपराध है और बच्चों का भविष्य केवल शिक्षा के माध्यम से ही उज्ज्वल हो सकता है। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि षशिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो व्यक्ति को गरीबी और अभावों से ऊपर उठाकर उसे सम्मानपूर्वक जीवन जीने का मार्ग दिखाती है।ष डॉ. भारती का यह प्रयास केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों



के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाने की एक सतत पहल है। वे समय–समय पर ऐसे वर्गों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझते हैं और उनके उत्थान के लिए सक्रिय रूप से कार्य करते हैं। उनकी यह प्रेरणादायी पहल समाज के अन्य सक्षम एवं जागरूक नागरिकों के लिए भी एक उदाहरण है। यदि प्रत्येक जिम्मेदार व्यक्ति इसी प्रकार आगे आकर शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाए, तो निश्चित रूप से समाज और देश की वर्तमान स्थिति में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

# पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा थाना रुपईडीहा का किया गया औचक निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच आज दिनांक 10.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोदय बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा नेपाल राष्ट्र के सीमावर्ती, थाना रुपईडीहा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, दौरान निरीक्षण महिला हेल्पडेस्क पर प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी की समीक्षा की गई व सभी प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर पर चढ़ाकर उन पर विधिसम्मत कार्यवाही के उपरांत स्वयं थाना प्रभारी द्वारा फीडबैक लेने के लिए आदेशित किया गया, फरियादियों/आगंतुकों के साथ अच्छा व्यवहार करने और बैठने, पेयजल की समुचित व्यवस्था तथा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया। मालखाने के निरीक्षण के दौरान मालो को क्रमवार तथा वर्षवार लगाने के लिए बताया गया । मेस की साफ सफाई रखने, फिक्स मेनू के तहत गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाने के लिए कहा गया । साथ ही मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर उसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया ।महोदय द्वारा थाना के मालखाना हवालात का निरीक्षण कर हवालात में साफ सफाई रखने हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा रजिस्टरों के व्यवस्थित रख रखाव एवं मालखाने में माल का क्रमवार रख–रखाव सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया गया।महोदय द्वारा थाना प्रांगण में सी.सी.टी.वी. कैमरो की दशा व दिशा दुरस्त रखने हेतु आदेशित किया गया।महोदय द्वारा थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले आगुन्तकों को सम्मानपूर्वक बैठाकर उनकी बातों/शिकायतों को सुनकर विधिक निस्तारण किया जाये, ताकि उनको अनावश्यक मुख्यालय न जाना पड़े। महोदय द्वारा थाना परिसर की साफ सफाई व बैरकों का निरीक्षण कर उनकी बेहतर साफ–सफाई तथा सामान का उचित रख रखाव हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। थाने में शौचालय का निरीक्षण किया गया शौचालय की बेहतर साफ सफाई तथा पानी की उपलब्धता के बारे में प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा समस्त विवेचकों से लम्बित विवेचना तथा क्षेत्र की जानकारी कर सीमावर्ती क्षेत्र में आने वाली समस्याओं की जानकारी की गयी। महोदय द्वारा थाना परिसर में स्थित मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया तथा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत .त कार्यवाही की समीक्षा की गयी ।

# मा0 सदर विधायक जी के अथक प्रयासों से कबीर आश्रम का होगा कायाकल्प, पर्यटन विभाग ने दी रूपये 138.89 लाख की मंजूरी

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। जनपद के विकास खण्ड बड़ोखर की ग्राम पंचायत भरखरी स्थित पवित्र कबीर आश्रम के समग्र पर्यटन विकास के लिए पर्यटन विभाग द्वारा रूपये 138.89 लाख की महत्वपूर्ण धनराशि स्वी.त की गई है। इस परियोजना के क्रियान्वयन हेतु कार्यदायी संस्था के रूप में राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड को नामित किया गया है, जिसे प्रथम किस्त के रूप में रूपये 70 लाख की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। स्वी.त परियोजना के अंतर्गत कबीर आश्रम को एक आकर्षक एवं सुविधायुक्त पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके तहत यात्री हाल का निर्माण, भव्य मुख्य प्रवेश द्वार, रेड स्टोन एवं कोटा स्टोन से फर्श का कार्य, सोलर स्ट्रीट लाइट एवं बोलार्ड लाइट की स्थापना, आर.सी.सी. बेंच, डस्टबिन एवं साइनेज लगाए जाएंगे। साथ ही सैंड स्टोन म्यूरल, सुगम पाथ–वे, शुद्ध पेयजल हेतु वाटर कूलर, तथा आकर्षक हॉर्टिकल्चर एवं लैंडस्केपिंग का कार्य भी कराया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के माध्यम से न केवल क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्.तिक पहचान को नई ऊंचाइयां मिलेंगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा मिलने से रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस अवसर पर श्री प्रकाश द्विवेदी (मा० सदर विधायक, बांदा) ने मा० मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी एवं मा० पर्यटन मंत्री जी के प्रति इस महत्वपूर्ण परियोजना की स्वी.ति हेतु हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी और कबीर आश्रम को प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में स्थान दिलाने में सहायक बनेगी।

# खीरी टाउन के श्चोरही बागश श्मशान घाट की बदलेगी सूरत, 28 लाख से होगा सुंदरीकरण'

## –'सदर विधायक योगेश वर्मा ने किया शिलान्यासय आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा अंत्येष्टि स्थल'

न्यूज वाणी ब्यूरो

'खीरी टाउन द्य संवाददाता'नगर के चोरही बाग स्थित श्मशान घाट के दिन अब बहुरने वाले हैं। लंबे समय से उपेक्षित पड़े इस अंत्येष्टि स्थल के कायाकल्प के लिए शासन ने '28 लाख रुपये' के बजट को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार की सुबह सदर विधायक योगेश वर्मा ने विधि–विधान से नीव पूजन कर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया।



'विकास की ओर बढ़ते कदम'

नगर पंचायत की इस पहल से स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। सुंदरीकरण परियोजना के तहत श्मशान घाट में बुनियादी सुविधाओं के साथ–साथ परिसर को व्यवस्थित और हरा–भरा बनाया जाएगा। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि जनसुविधाओं को बेहतर बनाना प्राथमिकता है और इस बजट से श्मशान घाट का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा।

'निर्माण कार्य की मुख्य विशेषताएंरू'

' परिसर का आधुनिक सुंदरीकरण और इंटरलॉकिंग।

' बैठने के लिए शेड और उचित विश्राम स्थल की व्यवस्था।

' साफ–सफाई और सौंदर्यीकरण के विशेष कार्य।

'कार्यक्रम में रहे गणमान्य मौजूद'

शिलान्यास के इस महत्वपूर्ण अवसर पर गन्ना समिति अध्यक्ष 'अशोक अवस्थी, अधिशासी अधिकारी ''विनीत कुमार, और पूर्व अध्यक्ष ''फहीम अहमद' मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही लकी मिश्रा, रामबहादुर, विजय गांधी, अश्वनी शर्मा, राकेश सिंह, शिवकुमार जोशी, पवन जोशी, रोहित अवस्थी, पुरुषोत्तम सिंह, राकेश वर्मा, लवकुश सिंह, आमिर खान और सन्नू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

नगर की बुनियादी सुविधाओं को सु.ढ़ करना हमारी प्रतिबद्धता है। 28 लाख की लागत से होने वाला यह कार्य क्षेत्र के लिए एक आवश्यक कदम है। 'योगेश वर्मा, सदर विधायक

# आईजीआरएस मामलों पर सख्त हुए डीएम, लापरवाही पर जताई नाराजगी

## –समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए कड़े निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आईजीआरएस संबंधी बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कई प्रकरणों में असंतोषजनक फीडबैक मिलने पर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने गहरी नाराजगी जताई। बैठक में स्पष्ट किया गया कि



आईजीआरएस प्रकरणों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, जो चिंताजनक है। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, अन्यथा रिपोर्ट शासन स्तर पर भेजी जाएगी। समीक्षा में सामने आया कि कई विभागों में असंतोषजनक फीडबैक वाले प्रकरण लंबित हैं। इनमें जिला पूर्ति अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रांतीय खंड, परियोजना अधिकारी, प्राचार्य इटावा, सहायक आयुक्त खाद्य एवं सहायक निदेशक (स्पोर्ट) के प्रकरण प्रमुख हैं। हेल्पलाइन से जुड़े मामलों में अधिशासी अभियंता इटावा के 23, .षि विभाग के 17, अधिशासी यांत्रिक के 11, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के 5, दिव्यांगजन अधिकारी के 4, सामान्य प्रबंधक के 3, जिला पंचायत अधिकारी के 2, रोडवेज और उद्यान विभाग के 1–1 प्रकरण लंबित पाए गए। निर्देश दिए गए कि सीएम हेल्पलाइन और आईजीआरएस पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का मौके पर जाकर सत्यापन के साथ निस्तारण किया जाए। केवल औपचारिक कार्रवाई नहीं, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी सुनिश्चित की जाए। ब्लॉक स्तर पर आईजीआरएस की स्थिति 59.46 प्रतिशत पाए जाने पर खंड विकास अधिकारियों और खंड शिक्षा अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी गई। उन्हें बैठक और प्रशिक्षण के माध्यम से स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका परिषद स्तर पर भी सभी अधिशासी अधिकारियों को आईजीआरएस प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में विद्युत विभाग में सबसे अधिक शिकायतें मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन समय से कार्यालय पहुंचें और सुबह 10 से 12 बजे तक जनसामान्य की समस्याएं सुनें। साथ ही, शिष्ट और जिम्मेदार व्यवहार बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने की बात कही गई और स्पष्ट किया गया कि रिश्वतखोरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, वरिष्ठ कोषाधिकारी डोगरा शक्ति, समस्त उप जिलाधिकारी, उप .षि निदेशक आर.एन. सिंह, डीएसटीओ रमेश चंद्र, जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता नगर पालिका परिषद संतोष कुमार मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# राजस्व मामलों में तेजी लाने के निर्देश, "रोज का रोज" निस्तारण पर जोर

## -90 राजस्व प्रकरण लंबित, अभियान चलाकर शीघ्र निपटाने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा, 10 अप्रैल 2026। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में राजस्व स्टाफ की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राजस्व मामलों की प्रगति, लंबित प्रकरणों और उनके निस्तारण की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राजस्व वादों का निस्तारण निर्धारित मानकों और समय–सीमा के अनुरूप किया जाए। उन्होंने मासिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ ही अर्जेंट एवं सामान्य नकल प्रार्थना पत्रों के शीघ्र निस्तारण पर विशेष जोर दिया। स्पष्ट निर्देश दिए गए कि लंबित मामलों को "रोज का रोज" निपटाने की कार्यप्रणाली अपनाई जाए। बैठक में बताया गया कि विभिन्न न्यायालयों, राजस्व परिषद एवं आयुक्त कानपुर मंडल से प्राप्त 90 प्रकरण वर्तमान में लंबित हैं। इन मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही, निर्णयित पत्रावलियों को समय से दाखिल करने पर भी जोर दिया गया। सरफेसी एक्ट की धारा 14 के अंतर्गत मामलों, भूमि आवंटन, विभिन्न योजनाओं के लिए भूमि उपलब्धता



तथा राजस्व संहिता की धारा 96 से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा गया कि समय से कार्य पूर्ण करने पर सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग में सुधार होगा। भू–माफिया और अतिक्रमण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए। .षक दुर्घटना बीमा योजना के 98 लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। भू–अभिलेख अधिष्ठान में विभागीय स्थिति की समीक्षा के दौरान लोकायुक्त एवं अन्य आयोगों से प्राप्त 18 शिकायतें लंबित पाई गईं, जिनके त्वरित निस्तारण को कहा गया। सार्वजनिक सेवायानों से संबंधित दुर्घटनाओं की लंबित मजिस्ट्रियल जांच और ठेकेदारी कार्यों के लिए जारी होने वाले 293 चरित्र प्रमाण पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए गए। सेवायोजन हेतु 68 लंबित चरित्र सत्यापन मामलों को भी जल्द समाप्त करने को कहा गया। उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में लंबित 10 रिट एवं पीआईएल याचिकाओं के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए, जबकि पेंशन प्रकरण शून्य पाए गए। इसके अतिरिक्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित प्रमाण पत्र, शस्त्र लाइसेंस, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र और जनहित गारंटी अधिनियम 2011 के तहत 189 लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र, 3 रिक्त उचित दर दुकानों और 26 पेट्रोल पंप एनओसी के लंबित मामलों पर भी चर्चा की गई। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग से संबंधित प्रकरणों में शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा गया। अंत में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करते हुए सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, जिससे जनपद की कार्यप्रणाली में सुधार हो और बेहतर रैंकिंग प्राप्त हो सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी न्यायिक, जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंचनद प्रेरणा कैंटीन का शुभारंभ

## –स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मिला रोजगार का नया अवसर

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा, 10 अप्रैल 2026। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मॉडल तहसील परिसर ताखा में "पंचनद" प्रेरणा कैंटीन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने समूह की महिलाओं द्वारा संचालित कैंटीन कार्य की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि तहसील परिसर में आने वाले लोगों के लिए स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की जाए, जिससे आम नागरिकों को सुविधा मिले और समूह की महिलाओं को आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में उपस्थित उप जिलाधिकारी ताखा श्वेता मिश्रा ने कैंटीन संचालन में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं उपयुक्त (स्वरोजगार) विनय कुमार ने कहा कि स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित "पंचनद" उत्पादों को कैंटीन सहित अन्य स्थानों पर भी बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे इस ब्रांड को पहचान मिल सके। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी ताखा सूर्य नारायण पाण्डेय, जिला मिशन प्रबंधक शैलेंद्र प्रताप, बृजराज सिंह, अजय कुमार, शशि कुमार, श्रीमती शशिलता, दशरथ सिंह (ब्लॉक मिशन प्रबंधक) तथा अरुणवीर सिंह (डाटा एंट्री ऑपरेटर) सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मोहम्मद आमीन बने वरिष्ठ प्रवक्ता

## –अश्वल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड ने सौंपी जिम्मेदारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगरध्इटावा। ब्लॉक क्षेत्र जसवंतनगर के ग्राम सराय भूपत कटेखेड़ा में ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्ल्ड सूफी फोरम के चेयरमैन हजरत सैय्यद मोहम्मद अशरफ अशरफी अल जिलानी कछौछवी शरीफ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पत्रकार मोहम्मद आमीन के आवास पर पहुंचकर परिवार से मुलाकात की और दुआओं से नवाजा। इस अवसर पर मोहम्मद आमीन को ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट इटावा का वरिष्ठ प्रवक्ता नियुक्त करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा गया। मोहम्मद आमीन ने हजरत का माला और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। वहीं ग्राम सराय भूपत कटेखेड़ा के प्रधानपति रमेश यादव ने भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और भेंट स्वरूप उपहार प्रदान किया।



मोहम्मद आमीन ने इस अवसर को अपने और क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि हजरत का उनके घर आगमन उनके परिवार के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगे तथा संगठन को आसपास के क्षेत्रों और जिलों में मजबूत करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने संगठन के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद, मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम, कानून सलाहकार असलम खान सहित टीम के अन्य सदस्यों का आभार व्यक्त किया। साथ ही हाल ही में आयोजित पांचवें शादी सम्मेलन की सफलता पर सभी को बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को हजरत की फोटो फ्रेम भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कौमी तहफुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास, एडवोकेट फईम अब्बास, मंसूरी समाज के जिलाध्यक्ष हाजी गुड्डू मंसूरी, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन भारत के जिलाध्यक्ष सैफ तैमूरी सहित अन्य लोगों ने भी माला और शॉल पहनाकर स्वागत किया। अंत में हजरत ने सभी को अपनी दुआओं से नवाजा।

# बिजली चोरों पर विजिलेंस का शिकंजा, 5 उपभोक्ता पकड़े गए

## -केबल बायपास कर हो रही थी चोरी, सभी पर मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत विजिलेंस टीम ने बकेवर क्षेत्र के पुरबिया टोला में छापा मारकर पांच उपभोक्ताओं को पकड़ लिया। मॉर्निंग रेड के दौरान घरों में केबल बायपास और बिना वैध कनेक्शन के जरिए बिजली का उपयोग किया जा रहा था। चेकिंग के दौरान जिन उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा गया, उनमें सरोजवती पत्नी राम सिंह, अनीता वर्मा पत्नी राजू वर्मा, कुलदीप वर्मा पत्नी स्वर्गीय राजकुमार वर्मा, कैलाश सिंह पुत्र शम्भू दयाल और अर्जुन सिंह पुत्र शम्भू दयाल शामिल हैं। ये सभी अपने–अपने परिसरों में केबल बायपास या बिना कनेक्शन के बिजली का उपयोग कर रहे थे। टीम ने मौके पर वीडियोग्राफी कर साक्ष्य जुटाए और सभी के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 के तहत कार्रवाई की गई। कुल 12.579 किलोवाट भार पर बिजली चोरी



पकड़ी गई। अधिकारियों ने साफ किया कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 277 अमरनाथ यात्रियों का हुआ चिकित्सा परीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। 277 अमरनाथ यात्रियों का जिला चिकित्सालय में अमरनाथ बोर्ड द्वारा चिकित्सा परीक्षण किया गया अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गुलराज ने बताया कि आज बड़ी मात्रा में अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालु सुबह 8रू00 से ही चिकित्सा परीक्षण करने के लिए एकत्रित हुए जिसमें 277 यात्रियों का सफल चिकित्सा परीक्षण किया गया चिकित्सा परीक्षण अमरनाथ बोर्ड मैं डॉक्टर अजय शर्मा डॉक्टर अनूप शर्मा डॉक्टर दीपक गुप्ता के साथ सहायक राजू पिंकी मनोज दीपू प्रमोद विशाल ज्योति शाक्य आदि ने चिकित्सा परीक्षण में सहयोग किया इस अवसर पर अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल के अध्यक्ष ओम रतन कश्यप महामंत्री आनंद अग्निहोत्री कोषाध्यक्ष जय सिंह चौहान उपाध्यक्ष राम सिंह उपाध्यक्ष मुकेश पाल मंत्री गोविंद कश्यप चंद्रेश राजावत राजकिशोर गुप्ता रवि चक्रवर्ती दिनेश यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# एक बूथ, एक यूथ की रणनीति पर काम करें युवा : आकाश

## - युवा कांग्रेस की नई जिला कार्यकारिणी घोषित होने पर दी बधाई



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। युवा कांग्रेस (पूर्वी) के प्रदेश अध्यक्ष विशाल सिंह एवं राष्ट्रीय सचिव व प्रभारी विवेक बघेल की संस्तुति पर जनपद की नई युवा कांग्रेस जिला कार्यकारिणी का आधिकारिक गठन होने पर युवा जिलाध्यक्ष आकाष षुक्ला ने कार्यकारिणी को बधाई देते हुए एक बूथ, एक यूथ की रणनीति पर काम करने का आहवान किया।

युवा जिलाध्यक्ष आकाश शुक्ला ने बताया कि जिला उपाध्यक्ष पद पर शनि अवस्थी, ओमजी अवस्थी, मोहित षर्मा, अनिकेत पटेल, हिमांशु द्विवेदी, प्रदीप सिंह लोधी, उमेर मिर्जा, आयुष तिवारी, कमल मिश्रा और विनीत मौर्य को भी नियुक्त किया गया है। जिला महासचिव पद पर पवन द्विवेदी, आशीष सैनी, नितिन लाला, करीम शाह, पंकज चौहान, राज यादव, रिजवान अहमद, शुभम द्विवेदी, विकास सोनकर, सुभाष अग्निहोत्री (शैलू), दिनेश सिंह लोधी, अमन बाजपेयी, शेखर द्विवेदी, विनोद कुशवाहा, मो० चन्दावासी और सूरज तिवारी षामिल है। जिला सचिव पद पर शारदा मौर्य, शिवम सविता, रिंकू अवस्थी, रहीम शाह, उदय राणा, विमल सोनकर, छोटू दिवाकर, अल्तमस, रंजीत पाल, विकास गुप्ता, मो० जिशान रंगरेज, हिमांशु यादव, नौशाद अहमद, मिखाइल सिद्धू, प्रद्युम्न द्विवेदी और हुसैन जैदी को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यकारिणी की घोशणा होने के बाद युवा जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होने कहा कि पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाना यूथ का लक्ष्य है। एक बूथ, एक एक यूथ की रणनीति पर युवा काम करें। इस बार के चुनाव में पार्टी के घोशित होने वाले प्रत्याषियों को जिताने का काम यूथ करेगा।

# डायट में हुआ एफएलएस सर्वे प्रशिक्षण, पांच विद्यालयों में होगा आंकलन

न्यूज वाणी ब्यूरो




फतेहपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में एफएलएस (फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी) सर्वे हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक आरती गुप्ता ने बताया कि एनसीईआरटी नई दिल्ली एवं एससीईआरटी लखनऊ के निर्देशन में जनपद में शिक्षा की वर्तमान स्थिति के आकलन के लिए 10 व 11 अप्रैल को सर्वे कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि भिटौरा, हसवा, असोथर, खजुहा व तेलियानी विकास खंड के एक–एक विद्यालय सहित कुल पांच विद्यालयों में यह सर्वे किया जाएगा। सर्वे कार्य टैबलेट के माध्यम से संपन्न होगा। इसके लिए विनय कुमार मिश्र एवं वीणा सिंह, प्रवक्ता डायट को जनपद स्तरीय समन्वयक नामित किया गया है, जिन्होंने एससीईआरटी से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। प्रत्येक विद्यालय में एक डीएलएड प्रशिक्षु को फील्ड अन्वेषक के रूप में नियुक्त किया गया है, जो विद्यालय पहुंचकर एनसीईआरटी द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट पर सर्वे पूरा करेंगे। सर्वे हेतु शिक्षक प्रश्नावली, प्रधानाध्यापक प्रश्नावली, छात्र प्रश्नावली सहित अन्य प्रपत्र उपलब्ध कराए गए हैं। सर्वे का निरीक्षण प्राचार्य एवं नामित जिला समन्वयकों द्वारा किया जाएगा।

# ग्रापए की बैठक में अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

## - बैठक में पत्रकारों को बाटे परिचय पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन खागा इकाई की बैठक शुक्रवार को एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। बैठक में परिचय पत्र वितरण कार्यक्रम, संगठन विस्तार को लेकर विचार विमर्श किया गया। संगठन के परिचय पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में संगठन विस्तार पर गहन विचार विमर्श के बाद बैठक सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कुमुद तिवारी व संचालन शिवशरण बंधु व प्रवीण पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश द्विवेदी ने संगठन को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी पदाधिकारी व सदस्यों को संगठन के प्रति जिम्मेदारी निर्वाहन करने की बात कही और तालाबों में हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए अपने कलम की धार को तेज करने की सलाह दी। वहीं तहसील अध्यक्ष सुनील तिवारी ने कहा कि संगठन हित में कार्य करने वाले सभी पदाधिकारी की रिपोर्ट प्रदेश स्तर को भेजी जाती है। सभी लोग खबरें लिखने में स्वयं पार्टी न बने। खबरों में जिम्मेदार अधिकारियों का बयान लेकर ही खबरों को लिखें। महामंत्री प्रशांत केसरवानी ने कहा कि संगठन की एक मासिक बैठक जरूर होनी चाहिए। बैठक में प्रमुख रूप



से अशोक सिंह, अरूण केसकर, ओमप्रकाश द्विवेदी, रामनारायण विष्वकर्मा, बच्छराज सिंह, राकेश विष्वकर्मा कमलेश गुप्ता, मोईन, गोपी तिवारी, मुकेश द्विवेदी, नागेन्द्र त्रिपाठी, दीपक वैश, अनूप तिवारी, मुकेश द्विवेदी, भूपेंद्र प्रताप सिंह, अमित मिश्रा, सुमित द्विवेदी, नीरज सिंह, राज सिंह यादव, दिनेश सिंह, अवधेश द्विवेदी, विकास त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# डा. हैनीमैन की जयंती पर मरीजों को बाटे फल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। होम्योपैथी के जन्मदाता डॉ हैनीमैन की 271 वी जयंती के अवसर पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व एचएमएआई के तत्वावधान व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में



चेयरमैन व कार्यकारिणी सदस्य इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उत्तर प्रदेश, अध्यक्ष एचएमएआई डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फल व बिस्कुट वितरित किया। डॉ हैनीमैन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर डॉ शिव प्रसाद त्रिपाठी संरक्षक एचएमएआई, डॉ सुरेश राजवंशी, डॉ पंकज रस्तोगी पूर्व अध्यक्ष एचएमएआई, अभिनव श्रीवास्तव संयोजक होम्योपैथिक केमिस्ट प्रकोष्ठ, उमेश श्रीवास्तव, सुरेश कुमार श्रीवास्तव, श्यामबाबू भारती, प्रमुख सहयोगी चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उपस्थित रहे।

# लघु फिल्म दिखाकर छात्राओं को किया जागरूक

## - किशनपुर पुलिस ने स्कूल में चलाया महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चल रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज–5.0) के द्वितीय चरण के



अंतर्गत थाना किशनपुर की पुलिस टीम ने नारी सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

थाना किशनपुर पुलिस ने आज प्राथमिक कन्या विद्यालय, कस्बा किशनपुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर लघु फिल्म दिखाकर विस्तार से जानकारी दी गई। फिल्म के माध्यम से बालिकाओं को घर, स्कूल और सड़क पर होने वाली संभावित खतरों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में आसान भाषा में समझाया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 सहित अन्य आपातकालीन नंबर्स जैसे 100, 112 आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बालिकाओं को बताया कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में वे बिना डरे इन नंबर्स पर तुरंत मदद मांग सकती हैं। पुलिस टीम ने छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और आत्मविष्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मनिर्भरता और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना तथा उन्हें एक सुरक्षित वातावरण का एहसास कराना था। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने पर जोर देते हुए कहा कि नारी सम्मान और सुरक्षा समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए। थाना किशनपुर पुलिस इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगी। कार्यक्रम में शामिल हुई छात्राओं ने पुलिस टीम के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसी जागरूकता कार्यक्रमों से उन्हें सुरक्षा के प्रति ज्यादा सजगता महसूस हो रही है।






# निर्माणाधीन रोड मानक के अनुसार कराने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन महाषक्ति के जिला महामंत्री अरूण कुमार उर्फ सोनू पाण्डेय की अगुवई में वार्ड नं0 22 ईसाइन पुरवा के बाषिंदे नगर पालिका परिशद कार्यालय पहुंचे। जहां अधिषाशी अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में बताया कि ईसाइन पुरवा अषोक नगर गाजीपुर बस स्टाप में गली में सीसी रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें ठेकेदार द्वारा सीसी रोड अत्यधिक ऊंची की जा रही है। जबकि दस दिन पहले बगल की गली बनी है। जिसमें रोड ऊंची नहीं की गई जो निर्माण कार्य चल रहा है उस गली की रोड ऊंची होने से घरों में पानी आने लगेगा। इसलिए मांग किया कि रोड का सही निर्माण कराया जाए। इस मौके पर लीला देवी, मुन्नी, गोलू अवस्थी भी मौजूद रहे।

# चलती बाइक से गिरकर महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम भटपुरवा के समीप गुरूवार की षाम चलती बाइक से गिरकर 31 वर्शीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकीय उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया जिसकी रास्ते में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पट्टीषाह गांव निवासी षिवकुमार अपनी पत्नी आरती देवी को बाइक में बैठाकर रिष्तेदारी में जा रहा था। जब वह भटपुरवा के समीप पहुंचा तभी अचानक चलती बाइक से महिला गिर गई। गंभीर हालत में उसे हथगाम सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकीय उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए सदर अस्पताल आ रहे थे जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। धाता थाना क्षेत्र के ग्राम दामपुर में षुक्रवार की सुबह भैंसे के तबेले में संदिग्ध परिस्थितियों में 48 वर्शीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार दामपुर गांव निवासी स्व0 चंद्रिका तिवारी के पुत्र अवध नारायण तिवारी रात में खाना खाकर घर के बाहर सोने चला गया। आज सुबह उसका षव भैंसे के तबेले में लटका मिला। जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के छोटे भाई राजनारायण ने बताया कि उसका भाई षराब पीने का आदी था। कई बार उसे समझाया गया लेकिन वह नहीं माना। कल षराब के नषे में था। घर वालों की डांट से नाराज होकर उसने घटना को अंजाम दे डाला।

# एच्छिक ब्यूरो की पहल, परिवार टूटने से बचा

## – मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने जोड़ा टूटता परिवार

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चल रहे मिशन शक्ति के द्वितीय चरण के अंतर्गत साथ–साथ कार्यक्रम की एक और सफल कहानी सामने आई है। परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलर कविता रस्तोगी ने एक प्रकरण में दोनों पक्षों के बीच सफल सुलह–समझौता कराया। वैचारिक मतभेद और आपसी मनमुटाव के चलते टूटने की कगार पर पहुंचे दंपति ने काउंसलिंग के बाद एक–दूसरे को भूलकर साथ रहने का फैसला लिया। महिला अधिकारी अनीता मिश्रा की मौजूदगी में दोनों पक्षों ने सुलह का समझौता किया और भविष्य में एक–दूसरे के प्रति सहयोग बनाए रखने का संकल्प लिया। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने इस पहल को टूटते परिवार को जोड़ने की एक अनूठी मुहिम बताया। कहा कि परिवार की मजबूती ही समाज की मजबूती है। उन्होंने परिवार परामर्श केंद्र की टीम को इस सफलता के लिए बधाई दी। यह सफल सुलह मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य को और मजबूत करती है, जिसमें परिवारों को टूटने से बचाकर सामाजिक सद्भाव बनाए रखना प्रमुख लक्ष्य है।

# पुलिस की उपलब्धि : सीएम दर्पण डैशबोर्ड में प्रदेश में 8 वां स्थान

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी दर्पण डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद ने मार्च माह में प्रदेश स्तर पर 8 वां स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के कुशल नेतृत्व और जनपद पुलिस की प्रभावी कार्यप्रणाली का परिणाम बताई जा रही है। दर्पण डैशबोर्ड के अंतर्गत सीसीटीएनएस, डायल 112, महिला अपराध, एससी/एसटी अपराध, आईजीआरएस, विवेचना, गिरतारी सहित कुल 50 विभिन्न शीर्षकों पर जिलों का मूल्यांकन किया जाता है। पुलिस ने इन सभी श्रेणियों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में शीर्ष दस में जगह बनाई। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने इस सफलता का श्रेय पूरे जनपद पुलिस बल को देते हुए कहा कि कानून–व्यवस्था का सख्त नियंत्रण, गुणवत्तापूर्ण विवेचना और त्वरित पुलिस कार्यवाही से ही यह परिणाम संभव हो पाया है। उन्होंने आगे भी बेहतर प्रदर्शन बनाए रखने और जनता की सेवा में कोई कसर न छोड़ने का संकल्प दोहराया। जनपद पुलिस के सूत्रों के अनुसार मार्च माह में अपराध नियंत्रण, शिकायत निस्तारण और विवेचना के क्षेत्र में फतेहपुर ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की, जिसका सीधा असर दर्पण डैशबोर्ड की रैंकिंग पर पड़ा। यह उपलब्धि पुलिस के लिए गर्व की बात है और जिले में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की दिशा में एक और मजबूत कदम साबित होगी।

# प्रशिक्षण के लिए 15 तक करें आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु शिक्षण एंव मार्गदर्शन केन्द्र, जिला सेवायोजन कार्यालय में तृतीय श्रेणी की सेवाओं व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक वर्षीय निःशुल्क प्रशिक्षण एक अप्रैल से प्रारम्भ हो चुके हैं। सत्र में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यथिर्यो से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। प्रवेश हेतु योग्यता न्यूनतम इंटरमीडिएट परीक्षा उर्तीण (हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय सहित) व आयु 18 से 35 वर्ष है। स्नातक, परास्नातक, टंकण, आशुलिपि, कम्पयूटर का ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश में वरीयता दी जायेगी। इच्छुक पुरूष व महिला अभ्यर्थी अपनी शैक्षिक योग्यता, आयु, जाति एवं सेवायोजन कार्यालय पंजीयन संबंधी प्रमाण पत्रों की छाया प्रति सहित आवेदन पत्र 15 अप्रैल तक जिला सेवायोजन कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र पूर्ण पाये जाने पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों को शिक्षण एंव मार्गदर्शन केन्द्र में प्रवेश दिया जायेगा। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय दूरभाष संख्या 05180–298602 पर सम्पर्क करें।

# बार चुनाव: 1602 अधिवक्ता मतदाताओं ने डाले वोट

## - अपने-अपने उम्मीदवारों के समर्थन में मतदान केन्द्रों पर दिखी लाइनें

## - मतगणना शनिवार की सुबह से, देर रात परिणाम आने की संभावना

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर यूं तो पिछले एक पखवारे से





गहमा–गहमी चरम पर थी। शुक्रवार को मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए जहां बड़ी संख्या में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा, वहीं समर्थक अधिवक्ताओं में भी अपने–अपने उम्मीदवारों को जिताने की होड़ देखी गई। मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई। 1921 अधिवक्ता मतदाताओं में 1602 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला मतपेटियों में कैद कर दिया है। शनिवार की सुबह से मतगणना शुरू होगी, जो परिणाम आने तक जारी रहेगी। मतदान की समाप्ति के बाद हार–जीत की गणित भी लगाना शुरू हो गई है। पहली बार अध्यक्ष व महामंत्री पद के कई उम्मीदवार होने के कारण हार–जीत का अनुमान लगाना काफी मुश्किल है, क्योंकि टक्कर मुकाबले की देखी गई है। मालूम रहे कि बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद के पांच व महामंत्री पद के चार उम्मीदवारों के अलावा अन्य पदों के लिए बड़ी संख्या में उम्मीदवार मैदान में थे। सर्व समाज अधिवक्ता एवं व्यवस्था परिवर्तन संगठन की ओर से अध्यक्ष पद के लिए पूर्व अध्यक्ष बाबू सिंह यादव एवं महामंत्री पद के लिए मो0 शाहजहां चुनाव लड़ रहे हैं। सर्व समाज अधिवक्ता संगठन से ही अध्यक्ष पद के लिए जगनायक सचान एवं महामंत्री पद के लिए अनिल कुमार श्रीवास्तव मैदान में है। इसके अलावा आदर्श अधिवक्ता संगठन की ओर से भी दो गुट बन चुके हैं। इनमें से विजय कुमार सिंह अध्यक्ष पद व अनुराग नारायण पुत्तन मिश्रा महामंत्री तथा इसी संगठन से रमेश चन्द्र भदौरिया अध्यक्ष पद एवं धर्मेन्द्र मिश्रा महामंत्री पद का चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक शर्मा भी ताल ठोंक रहे हैं। एसोसिएशन के लिए कुल 21 पद हैं। जिनमें अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष के एक–एक पद, संयुक्त सचिव प्रकाशन, पुस्तकालय प्रशासन का भी एक पद है। इसके अलावा वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सदस्य के लिए छह–छह पद हैं। मतदान को लेकर समर्थक अधिवक्ताओं ने निर्धारित समय से पहले ही अपने–अपने उम्मीदवारों के बस्तों पर पहुंचना शुरू कर दिया था। मतदान की प्रक्रिया प्रातः आठ बजे से मुख्य चुनाव अधिकारी शिवकुमार अग्निहोत्री के अलावा सहायक चुनाव अधिकारियों की देखरेख में सम्पन्न कराई जा रही थी। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं की लामबंदी भी देखने लायक थी। अपने–अपने उम्मीदवारों के लिए मतदाताओं के बस्तों एवं चेंबरों में पहुंचकर वोट देने की अपील भी करते देखे गए। कुल मिलाकर निर्धारित समय पर मतदान की प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल सम्पन्न हो गई। मुख्य चुनाव अधिकारी शिवकुमार अग्निहोत्री ने बताया कि बार चुनाव में कुल 1921 मतदाता थे। जिसमें 1602 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

# धोखाधड़ी के आरोप पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने दी सफाई

## - कानपुर पुलिस कमिश्नर को शिकायती पत्र देकर जांच की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी की जिला उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा ने कानपुर जनपद के कर्नलगंज निवासी विनायक तिवारी व कर्नलगंज एसीपी के यहां तैनात कर्मी रंजीत पर एसीपी के नाम पर उनसे व उनके पति से दस लाख रुपये उगाही किये जाने व आरोप लगाते हुए व पैसे देने पर 15 साल पुराने शिकायती पत्र के आधार पर बिना पक्ष जाने मुकदमा दर्ज कराए जाने का आरोप लगाया। कलक्ट्रेट स्थित मीडिया जनसंपर्क केंद्र में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने मीडिया को अपनी सफाई दी। बताया कि वह भारतीय जनता पार्टी में पिछले 15 वर्षों से है एवं विभिन्न पदों पर कार्य करती हुई वर्तमान में जिला उपाध्यक्ष के पद पर है। उनके पति अवधेश मिश्रा कारोबारी है। 15 वर्ष पुराने साथी नारायण प्रसाद सुल्तानिया पुत्र पुरुषोत्तम लाल सुल्तानिया के पुराने पत्र पर सहायक आयुक्त कर्नलगंज द्वारा बिना किसी सूचना के मुकदमा 420, 504, 506 में दर्ज किया गया है जबकि शिकायती पत्र का पूर्व में निस्तारण भी हो चुका था।



बताया कि उन पर लेन देन के जो आरोप लगाए है उनका व पति का कोई रोल नहीं है। न ही उनके किसी खाते से किसी तरह का किसी रकम का लेन देन नही हुआ। आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस के सहयोग से फर्जी मुकदमे में फंसाने एव वसूली किये जाने का आरोप से उनकी राजनैतिक छवि धूमिल की जा रही है। रेखा मिश्रा जनपद के जहानाबाद निवासी हैं एवं भाजपा की जिला उपाध्यक्ष है। उन्होंने पुलिस कमिष्नर कानपुर से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग किया।

# एसआईआर अभियान समाप्त, जिले में कुल 1735900 मतदाता दर्ज

## – जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई सूची

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में दस अप्रैल तक चले विशेष प्रगाढ़




पुनरीक्ष कार्यक्रम का षुक्रवार को समापन हो गया। 166 दिनों तक चले इस बड़े अभियान को जनपद में सफल बनाने में सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों ने निष्ठापूर्वक कार्य किया। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी छह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची हार्ड कॉपी एवं सॉट कॉपी के रूप में दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार कुल 1735900 मतदाता दर्ज किए गए हैं। जिसमें पुरुष मतदाता 9,55,244, महिला मतदाता 7,80,624 व अन्य श्रेणी 32 मतदाता षामिल है। सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) तथा 2364 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों और बूथों पर मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। यह सूची आम जनता के निरीक्षण के लिए एक सप्ताह तक उपलब्ध रहेगी। मतदाता सूची जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी देखी जा सकती है। इसके अलावा सर्विस मतदाता सूची का भी अंतिम प्रकाशन किया गया। इसमें कुल 3,623 मतदाता शामिल हैं, जिनमें 3,426 पुरुष एवं 197 महिला मतदाता हैं। इस पूरे अभियान को सफल बनाने में 6 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ), 193 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ), 218 बीएलओ सुपरवाइजर और 2,364 बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही 6,844 बूथ लेवल एजेंटों और लाखों मतदाताओं ने भी पूर्ण सहयोग प्रदान किया। प्रचार–प्रसार में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया का भी सराहनीय योगदान रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, राजनैतिक दलों और आम जनता का आभार व्यक्त किया जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सुचारू रूप से पूरा हो सका। मतदाता सूची की जांच के लिए मतदाता अपने बूथ पर या जिला वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं। कोई भी आपत्ति या सुधार के लिए निर्धारित समयावधि के अंदर संबंधित अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

# माध्यमिक शिक्षक संघ ने डीआईओएस कार्यालय में दिया धरना

## - लंबित समस्याओं के निस्तारण के लिए डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लंबित समस्याओं को लेकर माध्यमिक षिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में धरना दिया। तत्पष्चात समस्याओं के निस्तारण के लिए डीआईओएस को ज्ञापन सौंपा। संघ के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पाण्डेय की अगुवई में पदाधिकारियों ने धरना देकर अपनी आवाज बुलंद की। तत्पष्चात डीआईओएस को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि एनपीएस योजना से आच्छादित षिक्षक व कर्मचारियों के एनपीएस कटौती के राज्यांष मय ब्याज आगणित कराकर उसे अपडेट कराया जाए। एनपीएस योजना से ओपीएस में षामिल षिक्षकों के एनपीएस कटौती की राषि को उनके जीपीएफ खाते में जमा कराया जाए। विशय विषेशज्ञ षिक्षकों को पुरानी पेंषन में षामिल होने पर विकल्प पत्र षीघ्र भरा कर निदेषालाय प्रेशित किया जाए। परिशदीय परीक्षा के हर प्रकार के पारिश्रमिक का भुगतान षीघ्रता से कराया जाए। वर्श 2026 में सेवानिवृत्त कर्मचारी व षिक्षकों के पेंषन, जीपीएफ व सामूहिक बीमा के प्रकरण आपके कार्यालय से परीक्षण होकर षीघ्र उच्चाधिकारियों को भेजना सुनिष्चित किया जाए। गेच्युटी की सीमा 25 लाख रूपए होने के कारण जो षिक्षक साथी इस सेवा अवधि की परिधि में सेवानिवृत्त हुए हैं उनके प्रकरण षीघ्र उप्र षिक्षा निदेषक कार्यालय में भेजना सुनिष्चित किया जाए। जिससे उनके अंतर का भुगतान हो सके। इस मौके पर पूर्व एमएलसी लवकुष कुमार मिश्र, राजेन्द्र प्रसाद षुक्ल, षिव सिंह परमार, विजय करन श्रीवास, सूर्य प्रकाष सरोज, शक्तिकांत मिश्र,



अर्पित सचान, जीतेन्द्र कुमार पाण्डेय, हीरालाल, रमाकांत गुप्त, सुभाशचन्द्र, धीरेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, राजेन्द्र कुमार सहित तमाम षिक्षक मौजूद रहे।

# एचटी लाइन की चपेट में आकर किशोर की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नरतौली चौराहा में षुक्रवार की सुबह एचटी लाइन की चपेट में आ जाने से 14 वर्शीय किषोर की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चक काजीपुर गांव निवासी राजेन्द्र का पुत्र साहिल सुबह लगभग दस बजे नरतौली गांव पालेसर मषीन में मजदूरी करने गया था। बताते हैं कि छत पर चढ़ते ही वह एचटी लाइन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पिता ने बताया कि नरतौली गांव निवासी पालेसर मालिक छेदीलाल उसके पुत्र को आए दिन जबरन अपने साथ ले जाता है और जिस काम से ले जाते हैं वह काम नहीं कराते हैं। उसने पालेसर मालिक पर गंभीर आरोप लगाएं।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, किशोर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के बहरामपुर रेलवे ओवर ब्रिज में षुक्रवार की दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से जहां 22 वर्शीय युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई वहीं 14 वर्शीय किषोर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार किषनपुर कस्बा के नई बस्ती निवासी परानी का पुत्र रूपेष अपने रिष्तेदार राजकुमार पुत्र राजू निवासी बहरामपुर थाना थरियांव के साथ बाइक से अपने भाई की षादी का कार्ड बांटने के लिए जा रहा था। जैसे ही ये लोग बहरामपुर रेलवे ओवर ब्रिज पर पहुंचे तभी तेज रतार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे रूपेष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं किषोर राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल किषोर को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# सड़क हादसों में आधा दर्जन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार हुसैनगंज कस्बा निवासी स्व0 सुनील कुमार की 45 वर्शीय पत्नी सुधा देवी अपने 20 वर्शीय पुत्र प्रियांषु के साथ बाइक से षादी का कार्ड बांटने के लिए षहर आ रही थी। बताते हैं कि जैसे ही ये लोग षहर के बीएसएनएल के पास पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे मां–बेटा घायल हो गए। वहीं सड़क पार कर रहे 18 वर्शीय सुनील पुत्र ष्याम बाबू निवासी सहादतपुर थाना हुसैनगंज भी चपेट में आ गया। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

# कांग्रेस ने फूंका असम सीएम हेमंता विश्वा शर्मा का पुतला

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला व शहर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से एक जुलूस निकाल कर सरकार विरोधी नारा लगाते हुए ज्वालागंज चौराहे पहुंच कर असम के मुख्यमंत्री हेमंत विष्वा शर्मा का पुतला दहन किया। पुतला दहन के पश्चात जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी



ने कहा कि आज यह सिद्ध हो चुका है कि भाजपा पार्टी भ्रष्टाचारियों का एक समूह है एवं चरित्र हीनता इनका गहना है। उन्होंने कहा कि हेमंत विष्वा शर्मा एक अपराधी है जिसे भाजपा बचाने का प्रयास कर रही है परन्तु कांग्रेस उसे नहीं छोड़ेगी। बस समय का इंतजार है। शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने पूरी भाजपा को लुटेरी सरकार करार देते हुए कहा कि कांग्रेस जनों को अनर्गल फंसाने वाली भाजपा अपने अपराधी साथियों को बचाते बचाते अपना राजनैतिक अस्तित्व खत्म कर चुकी है। साथ ही गलत ढंग से बनी सरकारें प्रदेशों को लूट रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि हेमंता विष्वा शर्मा जैसा भ्रष्ट आदमी अपनी चोरी पकड़ जाने से अर्धविक्षिप्त हो चुका है। उसको इसकी सजा जरूर मिलेगी, आज नहीं तो कल। पार्टी प्रवक्ता देवी प्रकाश दुबे ने कहा कि अगर अमेरिका के वायोमिंग में 52000 करोड़ संपत्ति का मालिक अपने को ईमानदार समझ रहा है तो वह बताए कि ये पैसे कहां से आए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भ्रष्टाचार के चलते ही इसका अपमान किया था जो भाजपा को भा गया। पुतला दहन में मुख्य रूप से राजीव लोचन निषाद, पप्पू पाल, राजेंद्र लोधी, मनोज घायल, पं. रामनरेश महाराज, बषीर अहमद, जगत पाल पासवान, ओम प्रकाश कोरी, शकीला बानो, सैयद षहाब अली, कौशल कुमार शुक्ला, अजय बच्चा, आनंद सिंग गौतम, नौशाद अहमद, निजामुद्दीन, धर्मेंद्र सिंह, अमीरूज्जमा खान, राजीव श्रीवास्तव, इंद्रजीत लोधी, नसीम अंसारी, आमीन खान मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति : जमरावां गांव में लगी नारी अदालत

## – जिला पंचायत सदस्य रिंकू लोहारी रहे उपस्थित




न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। प्रदेष सरकार की संचालित मिषन षक्ति के अंतर्गत ग्राम जमरावां में नारी अदालत लगाई गई। जिसमें जमरावां क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी ने सहभागिता निभाई।

नारी अदालत में मुख्य न्यायाधीष पूनम तिवारी की अध्यक्षता में माधुरी सिंह, अंजुला देवी, सविता तिवारी, राजकुमारी, ष्वेता, तारावती, सुनीता, निर्मला न्यायाधीष के रूप में उपस्थित रहीं। नारी अदालत में एक मामला आया। षिवकरन पाल निवासी जमरावां की षादी कौषांबी जिले के देवीगंज में हुई थी। लेकिन कई वर्शो से उसकी पत्नी सीमा ससुराल जमरावां नहीं आ रही थी। इस संदर्भ में षिवकरन की पत्नी सीमा से न्यायाधीष माधुरी सिंह ने वार्ता कर 21 अप्रैल को जमरावां पंचायत भवन में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने की बात कही। नारी अदालत में जिला पंचायत सदस्य श्री लोहारी ने बताया कि सरकार ने नारी अदालत के माध्यम से घरेलू हिंसा व महिलाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु आवास, पेंषन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि का लाभ इस योजना के द्वारा दिलाया जाएगा। श्री लोहारी ने बताया कि यह नारी अदालत द्वारा महिलाओं को सभी सरकारी लाभ व उनकी व्यक्तिगत व सामाजिक समस्या को दूर किया जाएगा।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )